Sixth Series, No. 35

Wednesday, April 11, 1979

Chaitra 21, 1901 (Saka)

Lok Sabha Debates

(Seventh Session)

LOK SABHA SECRETARIAT

New Delhi

Price Rs-4.00

CONTENTS

No. 35, Wednesday, April 11, 1979, Chaitra 21, 1901 (SAKA)

Oral Answers to Questions.	COLUMS
* Starred Questions Nos. 680 to 685 and 687	1—25
Written Answers to Questions :	
Starred Questions Nos. 686, 688 to 699 and 701	26—40
Unstarred Questions Nos. 6601 to 6605, 6607 to 6621. 6623 6623 to 6646, 6648 to 6745, 6747 to 6770 and 6772 to 6800	40—256
Correcting Statement to Unstarred Question No. 4343 dated 20-12-1978	256—258
Re. Motion for Adjournment	258,261—263
Papers Laid on the Table	258—260
Committee on Private Members' Bills and Resolutions:	
Thirty-first Report	263
Committee on Papers Laid on the Table:	
Fifteenth Report	263
Committee on Petitions:	
Ninth Report	268
Public Account Committee:	
Hundred and Twenty-second Report	268
Committee on Public Undertakings:	
Twenty-second and thirty-third Reports	268-269
Matters Under Rule 377—	
(1) Need for the abolition of capital punishment:	
Shri Ram Vilas Paswan	269-270

The sign + marked above the name of a Member indicates that the question was actually asked on the floor of the House by that Member.

COLUMS

(ii) Amenities to the workers of the Steel Yard in Mandi Govind Garh, Punjab:

Shri P. Rajagopal Naidu 270-271

(iii) Reported strike by the employees of Indian Agricultural Research Institute, Pusa, New Delhi:

Shri Saugata Roy 272

(iv) Reported Power crisis in West Bengal:

Prof. Samar Guha 273

Re : Discussion on Demands for Grants 273-274

Demands for Grants, 1979-80 . . . . . 274—373

Ministry of Agriculture and Irrigation:

Shri Nathu Singh . . . . . 274—277
Shri K. Suryanarayana . . . . . 277—282
Shri Mukhtiar Singh Malik . . . . . 282—287
Shri Palas Barman . . . . . 287—290
Shri Tej Pratap Singh . . . . . 290—294
Shri Kacharulal Hemraj Jain . . . . . 294—296
Shri Chandra Shekhar Singh . . . . . 296—303
Shri Venugopal Gounder . . . . . 303—307
Shri Bharat Bhushan. . . . . 307—311
Shri B. K. Nair . . . . . 312—317
Shri R. P. Das . . . . . 317—323
Shri Baldev Singh Jasrotia . . . . . 324—326
Shri Dajiba Desai . . . . . 327—330
Chowdhry Balbir Singh . . . . . 331—334
Shri A. C. George . . . . . 335—339
Shri Dharamasinhbhai Patel . . . . . 339—342
Shri A. R. Badri Narayan . . . . . 342—346
Shri Bhanu Pratap Singh . . . . . 347—358
Shri M. Ram Gopal Reddy . . . . . 358—360
Shri Harikesh Bahadur . . . . . 361—365
Shri K. Mallanna . . . . . 365—369
Shri Hakum Deo Narain Yadav . . . . . 369—373

Half-an-hour Discussion:

Postal Accounts in Haryana:

Shrimati Mrinal Gore . . . . . 373—375
Dr. Ramji Singh 375-376
Shri Brij Lal Verma . . . . . 376—380

Wednesday, April 11, 1979/Chaitra 21, 1901 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

Seepage of Cement

+

*680. SHRI NATHU SINGH:

SHRI CHATURBHUJ:

Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the widespread discontent among the consumers of cement due to seepage of cement from 10 per cent to 40 per cent;

(b) whether Government propose to make it mandatory on cement companies to use kraft paper bags or paper laminated jute sacks to prevent seepage of cement; and

(c) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI GEORGE FERNANDES): (a) to (c). Complaints have been received from consumers of loss of cement from the jute bags due to seepage of varying quantities. Government have taken action to encourage the development of better types of jute bags which would minimise seepage to the extent possible. Two different types of improved jute bags are currently undergoing mass trials to judge their suitability. Government are also considering reduction of the proportion of second-hand bags to the minimum to keep down seepage. It is not considered economical to use kraft paper bags or laminated jute sacks for packaging cement.

श्री नाथू सिंह : अध्यक्ष महोदय, पहले तो मैं आपको बधाई देता हूं कि आज के दिन और आपके नाम को इतिहास याद रखेगा, क्योंकि पार्लियामेंटरी प्रैक्टिस के इतिहास में पहली बार यह हुआ है कि आप चार मिनट देरी से आये हैं ।

एक माननीय सदस्य : कोरम नहीं था ।

श्री ज्योतिर्मय बसु : जब तक कोरम नहीं होगा तब तक वह नहीं आ सकते हैं । **(व्यवधान,)**

MR. SPEAKER: You cannot have both things.

श्री नाथू सिंह : मैं ने आपको धन्यवाद और बधाई दी है । अभी मंत्री महोदय ने बताया कि हम इस बारे में प्रयास कर रहे हैं । आपको मालूम होगा कि इस समय सीमेंट का जितना अधिक ब्लैक हो रहा है, उतना शायद कभी नहीं हुआ है । इसके साथ साथ उपभोक्ताओं को दूसरे तरीके से यह नुक्सान हो रहा है कि सीमेंट को रखने के लिए जो बैग्ज़, बोरे, बनाये जाते हैं, उनमें से बहुत सा सीमेंट बाहर निकल जाता है और उपभोक्ताओं को सीमेंट बहुत कम मात्रा में मिल पाता है । इसके बारे में आज तक कोई प्रयास नहीं हुआ है ।

इसके अलावा कुछ लोग लाभ उठाने के लिए पत्थर पीस कर और राख को सीमेंट में मिला देते हैं । सीमेंट की स्थिति बहुत नाजुक होती जा रही है । बहुत खराब सीमेंट मिलता है, जिसकी वजह से बड़ी बड़ी बिल्डिंग्ज़ और पुलियां वगैरह टूट जाती हैं । क्या सरकार कोई ऐसा इन्तजाम करेगी कि जब सीमेंट कंपनियों में कट्टों या बोरों में सीमेंट भरा जाता है, उससे पहले उनकी जांच हो, ताकि सीमेंट का सीपेज न हो ? जो पुराने बोरे फट चुके हैं, खराब हो चुके हैं, क्या सरकार उनके इस्तेमाल पर पाबन्दी लगायेगी और यह व्यवस्था करेगी कि नये बैग्ज़ काम में लाये जायें ?

श्री जार्ज फर्नान्डीस : इस समय अधिकांश बोरे नये इस्तेमाल किये जाते हैं, मगर कुछ पुराने भी इस्तेमाल किये जाते हैं । मगर सीपेज का सवाल केवल पुराने बोरों का नहीं है, नये बोरों के बारे में भी यह कहा जा सकता है । आम तौर पर यह सही है कि लगभग 5 फीसदी सीमेंट सीपेज से निकल सकता है । इस बारे में हम कई काम कर चुके है । एक तो सीमेंट रेगुलेशन एकाउंट की मदद से सीमेंट रिसर्च इंस्टीट्यूट्स के माध्यम से काम करा कर हम दो कंपनियों द्वारा बनाये गये नये बोरों को बाजार में ला रहे हैं, और उसके अनुभव के आधार पर हम आगे का काम करेंगे ।

माननीय सदस्य ने मिलावट वगैरह की बात छेड़ी । अधिकतर राज्य सरकारों ने सीमेंट के वितरण की जिम्मेदारी अपने हाथ में ले ली है । जो एक दो राज्य बचे हैं, हम प्रयत्न कर रहे हैं कि वे भी इस के वितरण की जिम्मेदारी अपने हाथ में लें, और इस प्रकार राज्य सरकारें इन सारी शिकायतों को दूर करने के लिए कदम बढ़ायें ।

श्री नाथू सिंह : मैं मंत्री महोदय को धन्यवाद देना चाहता हूं कि वह इस बारे में बहुत जागरुक हैं । क्या वह बतायेंगे कि जो सीमेंट इमपोर्ट किया जाता है, उसमें कौन से बैग्ज काम में लाये जाते हैं—जूट के बने हुए या पालिथीन के बने हुए ? यदि उसमें पालिथीन के बैग्ज काम में आते हैं, जो बरसात में पानी से सीमेंट को खराब नहीं होने देते हैं, और जो बहुत ड्यूरेबल हैं, तो क्या सरकार का इस तरह का कोई विचार है कि जूट के बैग्ज के बजाये वे बैग्ज अधिक काम में लाये जायें ? जूट के बैग्ज भी इस्तेमाल किये जायें, ताकि जूट इंडस्ट्री को भी नुकसान न हो, लेकिन कुछ मात्रा में पालिथीन के बैग्ज भी काम में लाये जायें, जिससे सीमेंट का रखाव ठीक ढंग से हो सके ।

श्री जार्ज फर्नान्डीस : यह सही है कि विदेशी सीमेंट का आयात पेपर पालिथीन बैग्ज में हो रहा है । लेकिन हमारे यहां एक अर्से से सीमेंट बेचने का काम जूट के बोरों में ही होता रहा है, और जूट उद्योग का भविष्य भी इसके साथ जुड़ा हुआ है । इस लिए मैं नहीं समझता कि हम इस समय इसमें कोई बदल कर सकते हैं । मगर यह भी बात है कि ये जो कागज और पोलिथीन के बोरे ये जूट के बोरे जितने मजबूत नहीं होते । माननीय सदस्य यह भी ध्यान में रखें ।

SHRI JYOTIRMOY BASU: It is a fact that due to serious regional imbalance in the field of production while the cost of production in all plants for a bag of cement is Rs. 4/- and in a new plant Rs. 5/-, the black-market price today has touched the figure of Rs. 60/- per bag. I would like to know from the hon. Minister whether it is or it is not a fact that on an average, a bag of cement has to travel 685 kms. from the point of production to the point of consumption which is much higher than what is used to be sometime ago?

SHRI GEORGE FERNANDES: It is true that the cement has to travel a little longer distance than it used to be in the past. But we are trying to resolve this problem to the extent possible. There are obvious difficulties because cement plants are located in certain parts of the country.

SHRI JYOTIRMOY BOSU: It is a serious regional imbalance.

SHRI GEORGE FERNANDES: We have inherited this imbalance. There is nothing that I can do overnight to set it right. But in respect of the new cement units that we are now commissioning, we are now going in for split location plants where the clirkering of the limestone would be done at one place where the limestone is available and the grinding would be done as far as possible at the principal points of consumption. We have started adopting this new policy. But it will take two years before it really comes into effect. So, we are going to have the problem for a while.

So far as black-marketing is concerned, I want to insist again that today the State Governments are distributing cement. We appealed to the State Governments. There is nothing that I can do as Minister of Industry to end this if the State Governments do not cooperate. Every State Government today is responsible for distributing cement through their agencies and stockists. I would like the State Governments to be a little more concerned about this question and appoint only such stockists who do not indulge in black-marketing. Wherever a stockist indulges in black-marketing, it is possible for the Police and the district administration to identify him and get rid of him. This the State Governments must do and help us.

चौधरी बलबीर सिंह : क्या मंत्री महोदय इस बात की कोशिश करेंगे कि जैसे खाद की जो बोरियां होती हैं उनके अंदर पोलिथिन का एक पैकेज जुदा तौर पर होता है और बाहर दूसरा जूट बैग होता है, उसी तरह सीमेंट में भी वह कर दें ? अगर वह कहते हैं कि बाहर से क्राफ्ट पेपर या दूसरा पोलिथिन का बैग लगवाने में ज्यादा खर्च होता है तो पोलिथिन जो यहां बनता है और खाद में आलरेडी वह इंट्रोड्यूस्ड है उस सिस्टम को क्या यहां इंट्रोड्यूस करेंगे ताकि बरसात में बाहर का पानी भी असर न कर सके और बोरी जब गिरती है तो उसमें सीमेंट बाहर न निकल सके ? एक बार अगर बोरी सीमेंट की नीचे गिर जाये तो एक किलो हर बार उसमें से सीमेंट बाहर निकल आती है . (व्यवधान).....यह बात है कि दो बार सीमेंट का थैला वह फेंक देते हैं और उसमें से दो किलो सीमेंट निकल आती है । तो यह चीज इससे रुक जाती है अगर पोलिथिन का रैप अलाहिदा से हो जाये और ऊपर जूट बैग हो जाये । ....(व्यवधान)

MR. SPEAKER: This is an advice to the Government.

श्री जार्ज फर्नान्डीस : यह जो नये बैग्स का मैंने यहां जिक्र किया ये दो किस्म के है । यह कहते हैं कि आज जो जूट बैग है उसको और अच्छे ढंग से बीच करा कर जरा मजबूत बैग बनाए जायें, यह काम हो चुका है । दूसरे बिटुमैन लाइन बैग इस समय हम लोग इस्तेमाल कर रहे हैं, लैमिनेट बैग को इसमें इस्तेमाल में लाना सम्भव नहीं है, इस निष्कर्ष पर हम लोग पहुंच गए हैं ।

श्री एम० रामगोपाल रेड्डी : अध्यक्ष जी, अभी मंत्री जी ने कहा है कि स्टेट गवर्नमेन्ट के ऊपर इसकी जिम्मेदारी है । मैं कहना चाहता हूं कि स्टेट गवर्नमेन्ट्स पर जिम्मेदारी डालने से इसमें कोई सुधार नहीं हुआ है बल्कि सीमेन्ट की ब्लैक-मार्केट प्राइस और बढ़ गई है । जहां पहले सीमेन्ट के एक थैले के पीछे 4-5 रुपए ब्लैक-मार्केट प्राइस थी वहां अब वह बढ़कर 10 रुपए हो गई है । इस तरह से स्टेट गवर्नमेंट्स पर जिम्मेदारी डाल कर, जो आपका मकसद था कि भाव कम हो जायेंगे, वह मकसद पूरा नहीं हुआ है । ऐसी हालत में क्या आप कोई दूसरा आल्टर्नेटिव सोच रहे हैं ?

श्री जार्ज फर्नान्डीस : इसके बारे में हम बातचीत कर लेंगे ।

SHRI RAGAVALU MOHANARANGAM: Even this size of the man cannot catch your eyes so easily!

Sir, it is a well-known fact that especially after the introduction of this permit system consumers are not in a position to get their cement very easily because of inordinate delay on the part of the officers. Here I am not going to talk about the State and the Centre because I know fully well that the hon. Minister has the knack of handling the problems very easily by saying that the State Governments are responsible for this. I want to know a very direct answer for this. Especially after the introduction of the permit system, there is inordinate delay on the part of the officers and the consumers are not in a position to get the permits very easily for their own construction work. I want to know the exact answer from the hon. Minister.

SHRI GEORGE FERNANDES: Sir, there is no Centre-State question involved in this. The distribution of cement is not done by the Ministry of Industry or by the Government of India. The allocation to the State is done by the Ministry of Industry, by the Cement Controller. In so far as the distribution is concerned, it is the State Government's Civil Supplies Department or the concerned Department of the State Government which is today concerned with the distribution of cement in the respective States. They are the ones to give the permits, they are the ones who appoint the stockists and they are the ones to regulate all this. So, as far as I am concerned...

SHRI RAGAVALU MOHANARANGAM: Let us not have the permit system.... (*Interruptions*).

SHRI GEORGE FERNANDES: I am coming to that. It is for each State Government to decide how it wants to sell the cement and prevent blackmarketing. I can only appeal to the State Governments to use the administrative machinery at their disposal

to see that any kind of malpractice is put down.

Development of a Semi-Automatic Dialysis Machine

*681. SHRI DHARMA VIR VASISHT: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the National Engineering Industries, Jaipur, had developed a semi-automatic peritoneal dialysis machine with complete indigenous material; and

(b) if so, whether it had passed the experimental stage together with the details of the unit?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI GEORGE FERNANDES): (a) and (b). It has been ascertained from National Engineering Industries Ltd., Jaipur that no dialysis machine, as such, has been developed by them. At the instance of the Doctors of Sawai Mansingh Hospital, Jaipur the Company's Engineers have only cooperated with the Doctors and developed, designed and manufactured an automatic pump to be used with the dialysis machine of the hospital to expedite dialysis. This pump is undergoing trial tests at the hospital.

SHRI SAUGATA ROY: Sir, this again is another question which has nothing to do with the Central Government. It is not in the national interests. It is meant to favour one company, that too belonging to Birlas. But these things are coming up in Lok Sabha.

SHRI VAYALAR RAVI: It must be in the national interests. Private interests cannot be discussed in this House. (*Interruptions*).

MR. SPEAKER: Please sit down. I cannot understand this type of disturbance. (Interruptions). There is nothing prohibiting to talk about a private company because the country is interested in knowing scientific developments. (*Interruptions*).

SHRI VAYALAR RAVI: This Parliament cannot be made so ridiculous.

(*Interruptions*)

SHRI RAGAVALU MOHANARANGAM: They talk so many things about the Members because they are raising a point on a particular company.

श्री धर्मवीर वशिष्ठ : अध्यक्ष महोदय, नेशनल इंजीनियरिंग इस्टीट्यूट में एक ऐसी मशीन डेवलप की गई है । मिनिस्टर साहब ने जवाब दिया है कि डायलेसिस बजातखुद ईजाद नहीं की गई है लेकिन एक ऐसी स्वचालित पम्पिंग मशीन जरूर बनाई गई है जिससे डायलेसिस करने में जल्दी हो सके । क्या मन्त्री महोदय यह बताना पसन्द करेंगे कि जिससे जल्दी डायलेसिस हो सके और सुविधा हो सके—क्या ऐसी स्वचालित मशीन डेवलप की गई है ?

श्री जार्ज फर्नान्डीस . प्रश्न नेशनल इंजीनियरिंग इण्डस्ट्रीज लि० जयपुर के बारे में है जोकि बिड़ला की एक कम्पनी है—इस्टीट्यूट के बारे में नहीं है । यह कम्पनी डायलेसिस मशीन बनाने वाली कम्पनी नहीं है ।

Ball Roller and Taper Roller bearings, bicycle steel balls, Rolled Rings, Roller bearing Axleboxes, Spherical Roller bearings for Axleboxes, Steel Castings, Spindle Inserts and Jockey Pulleys.

इन चीजों को बनाने का लाइसेंस उनके पास है और यह चीजें वे बना रहे हैं । डायलेसिस के लिए, किसी औषधि या मरीज के इस्तेमाल में आने वाले किसी यन्त्र के लिए उनके पास कोई लाइसेंस नहीं है और न कोई सम्बन्ध है । अस्पताल के डाक्टर्स गए थे और उन्होंने कहा कि हमारी एक समस्या है, इसमें अगर आप कोई मदद कर सकते हैं तो करें । कम्पनी के जो इन्जीनियर्स थे, उन्होंने अपने ढंग से इस काम को करके उस अस्पताल को मदद पहुंचाने का काम किया है । इस यन्त्र को बना कर न तो बेचने का उनका कोई इरादा है और न यह कोई इस प्रकार का इंस्टीट्यूट है जो रिसर्च या डवेलपमेन्ट से सम्बन्धित है ।

श्री धर्मवीर वशिष्ठ : जो स्वचालित पम्प बना है उसके लिये मिनिस्टर साहब ने बतलाया है कि इसका ट्रायल हो रहा है । क्या आप यह भी बताने की कृपा करेंगे कि यह ट्रायल कितने दिनों से हो रहा है और अब तक उनका नतीजा क्या रहा है ?

SHRI GEORGE FERNANDES: When we got the question, we made enquiries

and this is what the company has informed us:

—I am quoting from their letter—

"That facts are that the Sawai Mansingh Hospital, Jaipur has a dialysis machine. The doctors wanted improvement in the performance of this machine. Our engineers co-operated with them, developed, designed and manufactured an automatic pump to be used with this machine to expedite dialysis. This pump is under trial in the hospital. This was a gesture of our giving technical help in the field of medicine."

They have got nothing out of this. Nor are we in a position to say that we will utilise their facilities to develop a dialysis machine.

SHRI B. SHANKARANAND: I am on a point of order on this question.

MR. SPEAKER: During Question hour, there is no point of order.

(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Mr. Saugata Roy takes upon himself the responsibility to decide.... (*Interruptions*).

SHRI B. SHANKARANAND: Members' right to ask questions depends upon certain rules and the question should be restricted under the Rules. My point of order is...

MR. SPEAKER: If questions on private companies are restricted, then many questions will not come.

What does the rule say?

SHRI B. SHANKARANAND: The right to ask a question is governed by the conditions mentioned in Rule 41(2). Sub-rules (vii) and (xvi)... (*Interruptions*).

MR. SPEAKER: There is no point of order during Question Hour. Research and Development is primarily the concern of the Central Government.

SHRI B. SHANKARANAND: This question is not on research and development.

Rule 41(2) says:

"The right to ask a question is governed by the following conditions, namely..."

Sub-rule (vii) reads:

"it shall not relate to a matter which is not primarily the conecrn of the Government of India".

This question has nothing to do with the Government of India. Sub-rule (xvi) says:

"it shall not raise matters under the control of bodies or persons not primarily responsible to the Government of India."

MR. SPEAKER: There is no point of order.... (*Interruptions*).

MR. SPEAKER: Qn. 682.

चंबल घाटी क्षेत्र का विकास करने की योजना

682. **श्री अर्जुन सिंह भदौरिया** : क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोटा से इटावा तक चंबल घाटी क्षेत्र का आर्थिक विकास करने हेतु केन्द्रीय स्तर पर किन योजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है ; और

(ख) इसके परिणामस्वरूप कितने परिवारों को लाभ पहुंचा है ?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री फ़ज़लुर रहमान) : अध्यक्ष जी, इसमें तीन तरह की स्कीमें चल रही है—1. मैन्ड्रल पायलेट प्राजेक्ट, जिससे समतल भूमि ठीक रखी जाय, 2. कन्जर्वेशन-आफ़-सायल, और 3. चम्बल-वेली की डेवेलेपमेन्ट स्कीम— ये तीन स्कीमें चल रही हैं।

जहां तक इसमें एम्प्लायमेन्ट देने की बात है— हर परिवार के मुताबिक इत्तिला देना मुश्किल है, लेकिन ये तमाम काम हो जाय तो लगभग 20 हज़ार आदमियों को परमानेन्ट नौकरी मिल सकती है।

श्री अर्जुन सिंह भदौरिया : अध्यक्ष जी, मैं आज प्रथम बार किसी मंत्री को बधाई इस लिये दे रहा हूं कि उन्होंने इस सवाल के जवाब को समाप्टल

पर न रख कर सदन में इस का उत्तर दिया है। जहा से ये उत्तर बन कर आते हैं—वह प्लानिंग कमीशन एक सफेद हाथी है और प० जवाहरलाल नेहरू से इस सफेद हाथी को जन्म दिया था। लेकिन वे योग्य महावत थे, जो उस पर सवारी करते थे और अंकुश भी रखते थे, लेकिन अब यह सफेद हाथी यह प्लानिंग कमीशन, बिल्कुल ही निरंकुश हो गया है। और वहा पर नौकरशाही बैठ कर जिस ढंग से सवालों के उत्तर बनाते हैं, वह उचित नहीं है। इस सवाल का जो उत्तर अभी आया है, उस का सवाल से कोई वास्ता नहीं है। मैं आपकी आज्ञा से यह जानना चाहता हूं कि पहले सन 1970-71 में तत्कालीन प्रधान मंत्री जी तरफ से जो ई० ई० सी०, यूरोपियन एकोनामिक कम्युनिटी की सहायता से होने वाला काम था, उसको देखने के लिए तत्कालीन प्रधान मंत्री ने एक कमेटी का निर्माण किया था लेकिन वर्तमान सरकार ने उस कमेटी को भंग कर दिया और दूसरी कमेटी को जन्म नहीं दिया है, तो क्या फिर मंत्री महोदय द्वारा डाकुओं से आतंकित उन भयंकर दुर्गम घाटियों चम्बल, यमुना, क्वारी और अन्य सहायक नदियों के कटाव और वहां की जनता की कठिनाइयों, उनके प्रभावग्रस्त जीवन और उनकी आवश्यकताओं को देख कर उनके अनुकूल कोई योजना बनी हुई है या जो बननी है तो उस पर किस तरह से अमल हो, इसके लिये कोई पार्लियामेंटरी टीम बनाने के लिए, क्या वे कोई स्वीकृति देंगे।

श्री फजलुर रहमान माननीय सदस्य ने सवाल तो बहुत लम्बा किया। मैं यहा बताना चाहता हूं कि मैंने जो तीन विषयों का नाम लिया है, वे तीनों स्कीमें आपके लिये हैं। उनमें डाकुओं की वैली और जो आपकी जमीन है, जो आप का क्षेत्र है, वह सब कवर हो जाता है। अब जहा तक पार्लियामेंटरी कमेटी बनाने की बात है तो अध्यक्ष महोदय, आप तो हाउस के सर्वेसर्वा हैं। अगर आप कोई कमेटी बनाते हैं तो मैं उसमें रोड़ा नहीं बन सकता।

श्री अर्जुन सिंह भदौरिया हमें बड़ी खुशी है कि इस टीम के निर्माण के लिए जिम्मेवारी अध्यक्ष जी, आप पर डाली गई है और मैं ऐसा समझता हूं कि आप इसे जरूर स्वीकार करेंगे।

हमारा जो दूसरा पूरक प्रश्न है वह यह है कि वर्ल्ड बैंक की तरफ से पचनदे पर, पंजाब में तो पांच नदियां निकली हैं लेकिन उत्तर प्रदेश में जहा पचनदा है वे नदियां एक जगह गिरी हैं और उनका वहा संगम हुआ है, एक बांध बनाने के लिए एक योजना 1970-71 में बनी थी और वह 60 करोड़ रुपये की योजना थी। वर्ल्ड बैंक की उस योजना पर, जिसका सर्वे हुआ था, जांच हुई थी और जांच होने के बाद उस पर अमल करने की दिशा में कुछ कदम उठाये गये थे, तो मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि क्या आपको इस योजना की जानकारी है जिसके तहत विश्व बैंक से सहायता लेकर एक बांध बनाने की बात थी? मैं इसका साफ उत्तर चाहता हूं कि क्या वह योजना कार्यान्वित होगी या नहीं और होगी तो कब तक?

श्री फजलुर रहमान : अध्यक्ष महोदय, योजना किसी खास स्कीम की वर्ल्ड बैंक से बनी थी, इस की इत्तिला तो मुझे नहीं है लेकिन इतना मुझे पता है कि 57 करोड़ रुपया इस नदी घाटी योजना के लिए, चम्बल वैली के लिए मिला था और उस में से अभी तक आप की प्रान्तीय सरकार सिर्फ 17 करोड़ रुपये खर्च कर पाई है।

डा० रामजी सिंह अध्यक्ष महोदय, चम्बल घाटी में जो कुछ हुआ है, वह इतिहास की विशेष बात है, जहां 400 बड़े डाकुओं ने आत्मसमर्पण किया था। चम्बल घाटी का समस्या लॉ एण्ड आर्डर की समस्या नहीं है, वह आर्थिक और सामाजिक समस्या है। तो क्या मैं मंत्री जी से यह जान सकता हूं कि चम्बल घाटी शांति मिशन की जो योजना सरकार के पास लम्बित है, उसमें से कितनों की उन्होंने स्वीकृति दी है और कितने के विषय में वे विचार कर रहे हैं और वहा की कौन सी विशेष योजना है? आदरणीय प्रधान मंत्री जी से चम्बल घाटी शांति मिशन के लोग मिले थे और वे बहुत आशावान हैं। उनके लिये आर्थिक सर्वेक्षण का कार्यक्रम चालू हो चुका है या नहीं और उनके लिए आर्थिक योजना को पूरा करने के लिये वर्तमान सरकार क्या कर रही है? इस के बारे में मैं जानना चाहता हूं?

श्री फजलुर रहमान अध्यक्ष महोदय, स्कीमों की जहा तक सूची का सवाल है, माननीय सदस्य अगर इसके लिए अलग से सवाल पूछें, तो मैं जवाब दे दूंगा मगर मैंने जो जवाब में बताया है वह यह है कि ये सारी स्कीमें पाइलेट प्राजेक्ट, कन्जरवेशन आफ सायल, डेवलपमेंट आफ केचमेंट एरिया आफ चम्बल वैली, ये सारी चीजें एक दूसरे से सम्बन्धित हैं, जिस से वहा की जमीन की सुरक्षा हो, ऊबड़-खाबड़ जमीन ठीक की जाए, एफारस्टेशन हो और इरींगेशन की फैसिलिटीज हों। उसी मसले को मद्देनजर रखते हुए यह सब किया गया है।

अब जहां तक डकैतों का सवाल है, मैं माननीय सदस्य से यह आग्रह करूंगा कि इसका जवाब देने के लिए काम्पीटेंट होम मिनिस्टर हैं। वह स्कीम बना देंगे कि कब कैसे होगा।

श्री अनन्त राम जायसवाल . वर्ल्ड बैंक की सहायता से इस घाटी के विकास के लिए जो योजना बनाई गई है उसके क्रियान्वयन में आपने बताया है कि अभी तक केवल 17 करोड़ खर्च हुआ है और चालीस करोड़ खर्च नहीं हुआ है। वह योजना शायद 1974 में बनी थी। मैं जानना चाहता हूं कि इसकी जिम्मेवारी

किस पर है, राज्य पर है या आप पर है । मैं यह भी जानना चाहता हूं कि गति को तेज करने के लिए आपने क्या किया है ?

इस विकास के काम को आपने क्या राज्य पर ही छोड़ दिया है या केन्द्र के प्लान में भी इस के लिए कुछ किया जा रहा है ?

श्री फजलुर रहमान : जहां तक योजना विभाग का सवाल है आवश्यकता के अनुसार, जरूरतों को मद्देनजर रखते हुए हम सकीम्ज और प्लान बनाते हैं । जहां तक एक्सीक्यूशन का सवाल है ज्यादा तर एक्सीक्यूशन राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है । कोई भी सरकार हो वह निष्क्रिय नहीं बैठ सकती है । लेकिन आप तो जानते ही हैं कि क्या क्या दिक्कत पेश आती है स्कीम का एक्सीक्यूट करने में ।

श्री अनन्त राम जायसवाल : चार्मास करोड़ खर्च क्यों नहीं हुआ ? इसके बारे में आप क्या कर रहे हैं ?

श्री फजलुर रहमान : काफी लम्बी अवधि तक के लिए यह स्कीम है, उसकी गतिविधि लम्बा चलना है । जर्मन अगर मिल जाए, सारी सुविधाय मिल जाए और जिस एरिया में काम करना है उस एरिया में कितनी कठिनाई है ये सब चीजें आड़े आती हैं । मैं माननीय सदस्य से कहूंगा कि एक बार जा कर स्वयं देख लें और मुझे आशा है कि देखने के बाद वह कहेंगे कि बहुत मेहनत के बाद यह सत्तरह करोड़ रुपया खर्च हुआ है ।

Fire in Nuclear Fuel Complex Hyderabad

*683. SHRI M. RAMGOPAL REDDY: Will the Minister of ATOMIC ENERGY be pleased to state:

(a) whether fire broke out in one of the wings of the Nuclear Fuel Complex at Hyderabad on the 12th March, 1979; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE AND IN THE DEPARTMENTS OF ATOMIC ENERGY, ELECTRONICS & SCIENCE AND TECHNOLOGY AND SPACE (PROF. SHER SINGH): (a) Yes, Sir.

(b) The fire broke out in the Zircaloy Fabrication Plant of the Nuclear Fuel Complex, Hyderabad a little after mid-night in the night shift of 12th March, 1979.

SHRI RAM GOPAL REDDY: It is a very dry reply. The Minister has not given details about the damage. The Minister has not taken a serious note of my question. पूछा था आग लगी क्या, जवाब दे दिया आग लग गई।

It is not the way of replying my question. I have also requested for the details regarding the damage it has done as to how the fire broke out and what are the remedial measures he proposes to take in future. He has not mentioned about this.

PROF SHER SINGH: He has asked a question as to how the fire broke out. The hon. Member has also asked about the damage. There has been a damage to the roof slab, above the kerosene tanks and steel structural members were badly damaged PVC electrical fittings were completely burnt. PVC exhaustive system has also melted. These are the losses. The loss comes to about Rs. 20 lakhs.

SHRI RAM GOPAL REDDY: This is a very serious thing and it is a very dangerous thing and such things are happening in our nuclear complex. I want to know what are the remedial measures which he proposes to take and whether any inquiry has been instituted. If so, what are the details? If the inquiry has not been instituted, I want to know why there is negligence on the part of the Government.

PROF SHER SINGH: An investigation Committee was constituted and that Committee submitted its report. The report is under examination. In the report they have also suggested some measures which should be taken to avoid recurrence of fire.

SHRI SAUGATA ROY: Sir, it is not the first time after the Government has taken over the nuclear complex that there has been fire in such a vital nuclear installation. As you know, last year there was a fire in the Baroda Heavy Water Plant which has put off our nuclear energy programme by almost one year and now we have fire

in the Nuclear Fuel Complex at Hyderabad. There is a consistent effort here and abroad to do some damage or other to the nuclear installations so that the nuclear energy programme of India does not go ahead as per schedule. I would like to know from the hon. Minister whether he would undertake a comprehensive inquiry into the whole security system of our nuclear installations and also find out whether there is any linkage between the different fires and accidents that have occurred in the nuclear installations during the last two year to find out whether there are foreign connections or domestic connections for these accidents.

SHRI JYOTIRMOY BOSU: Or American hand in the matter.

PROF. SHER SINGH: The Investigation Committee has come to the conclusion that this fire was accidental and there was no sabotage involved in this.

DR. KARAN SINGH: With the growth of utilisation of nuclear technology for peaceful purposes, there is going to be expansion of nuclear plants and, as the recent incident in Harrisburg in the United States has shown, there are very real dangers, unless safety measures are built into the system from the very beginning. Will the Government please let the House know whether they are taking adequate measures to ensure that, with the growth of our nuclear capability and technology, these safety measures are built in so that our population is saved from the possible adverse effects of radiation? The Harrisburg incident which is going on even now is a pointer to what should be done by this Government as a preventive measure. Is it being done or not?

PROF. SHER SINGH: Safety measures are in-built into the system and all precautions are taken to see that accidents do not take place. The hon. Member has referred to the Harrisburg incident. Our system is a little different from theirs, but still there could be a possibility. So, all precautions are being taken. I have recently been to the ERC and I myself asked this question whether we have taken all precautions to foresee what type of accidents can take place and whether we have made arrangements for safety measures in-built into the system itself. I have been told that we have done that.

PROF. SAMAR GUHA: It is known that nuclear technology involves very sophisticated machinery and also, that any accident in the nuclear installations may lead to disaster. The Minister has said that precautionary measures are in-built into the system but, in view of what happened earlier in our heavy water plant and also in Hyderabad and, as Dr. Karan Singh has pointed out, in view of the recent incident which created great havoc in USA also, will the Government take immediate steps for reviewing the safety and precautionary measures which are in-built, to see whether these in-built precautionary measures are sufficient or some additional precautionary measures are necessary? Will the Government review the whole system of preacution and safety in all our nuclear installations all over the country?

PROF. SHER SINGH: I welcome the suggestion of the Hon. Member and will take steps to see that all precautions are taken and also to foresee what could be the causes of accidents and how to avoid them.

E.E.C. Delegation to study Electronics Industry

+

*684. SHRI SHANKERSINHJI VAGHELA:

SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK:

Will the Minister of ELECTRONICS be pleased to state:

(a) whether a delegation from European Economic Community visit-

ed India recently to study Electronics Industry of the country;

(b) if so, the details thereof; and

(c) whether any agreement has been signed?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE AND IN THE DEPARTMENTS OF ATOMIC ENERGY, ELECTRONICS & SCIENCE AND TECHNOLOGY & SPACE (PROF. SHER SINGH): (a) yes, Sir.

(b) A delegation consisting of 27 experts representing major computer companies from the EEC Countries visited India during March, 1979 to explore cooperation in the field of Computers & Electronic Components.

(c) No, Sir.

श्री शंकरसिंह जी वाघेला : इलैक्ट्रोनिक इंडस्ट्रीज की आजकल हिन्दुस्तान में बहुत बड़ी डिमांड है और इसका अध्ययन करने के लिये यूरोपीय आर्थिक समुदाय से एक प्रतिनिधि-मंडल यहां आया भी था। जवाब में जो कहा गया है कि कम्प्यूटर तथा इलैक्ट्रोनिक संघटक पुर्जों के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं का पता लगाने के लिये मार्च, 1979 में यूरोपीय आर्थिक समुदाय के देशों से एक प्रतिनिधि-मंडल आया था, मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि उसका आशय क्या था, वह कमर्शियल परपज से आया था या ऐसे ही आया था ?

मैं यह भी जानना चाहता हूं कि 10 साल में जो बेकारी दूर करने की बात कही जाती है, उसको देखते हुए कम्प्यूटरों के मामले में गवर्नमैंट की नीति क्या है? अब कम्प्यूटर बेकारी को और बढ़ावा देंगे, तो भी क्या सरकार कम्प्यूटरों की और मांग करेगी ? जो प्रतिनिधि-मंडल यहां आया था, क्या उसके आने का परपज बिजनेस था ?

प्रो० शेर सिंह : मैंने निवेदन किया कि यह शिष्टमंडल मार्च के इसी महीने में आया था और पिछले साल भी एक शिष्टमंडल एरिया डिफाइन करने के लिये आया था कि कौन से एरिया में काम हो सकता है, जिसमें दोनों की को-आपरेशन हो सकती है। इस बार जो शिष्ट मंडल आया, उसने पिछले शिष्ट-मंडल का अनुमोदन किया और आगे के लिये कोई ज्वायन्ट बैंचर मिडिल ईस्ट या अफरीकन कंट्रीज में लगा सकते हैं, ट्रेनिंग से कुछ हो सकता है या हार्ड-वेयर और सौफ्ट वेयर की सप्लाई कर सकते हैं, और अपने देश में पैदा कर सकते हैं और हम अपना एक्सपोर्ट कैसे बढ़ा सकते हैं। इन सब बातों पर विचार हुआ, और आगे के लिए क्या हो सकता है, वे सब एरियाज आइडेंटीफाई हुए। इस प्रतिनिधिमंडल ने भी पिछले प्रतिनधिमंडल का अनुमोदन किया।

श्री शंकरसिंहजी वाघेला : हर एक प्रतिनिधि-मंडल का अपना आशय होना है। जो प्रतिनिधिमंडल यहां आया था, क्या उसके साथ इलैक्ट्रानिक एक्विपमेंट मैनुफैक्चर करने वाली हमारी डिफैंस एस्टब्लिशमेंट्स के बारे में भी चर्चा हुई थी ? देश की सुरक्षा के बारे में रैडार एक बहुत नाजुक साधन है। क्या उसके बारे में भी चर्चा हुई थी ?

प्रो० शेर सिंह : डिफैंस के बारे में विशेषरूप से जो इलैक्ट्रोनिक्स चाहिए, उसके बारे में कोई विशेष चर्चा नहीं हुई।

SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK: Mr. Speaker, Sir, it is said that they have been invited for a meeting and a discussion and exchange of views had taken place and then we dispersed. Now, as far as part (c) of the question is concerned, the hon. Minister has not informed the House as to whether any agreement has been reached or not. The Delegation came to India last year and this year too. I want to know from the hon. Minister whether the delegation that visited last year and this year also had come on its own or they were invited by the Government of India. I want to know whether this delegation drew blank or whether it had met with a total failure.

PROF. SHER SINGH: Sir, under the auspices of the Indo-EEC Joint Commission, our team consisting of 12 computer experts—and they were in a delegation—went to EEC countries including Brussels in November 1977. Now, that was under the auspices of Indo-EEC Joint Commission and their delegation also came to India last year and again we have also received another delegation. Now, this is under the auspices of the Indo-EEC Joint Commission and as I said it is not that they withdrew blank. Areas were identified where we would have cooperation in future. Even for increasing the export in those countries and so many other things were discussed. It is not that they drew blank. But

no formal agreement was signed But areas of potential co-operations were identified.

SHRI VINODBHAI B. SHETH. In this country we have got electronics Engineers of a very high calibre and still we are lagging behind in so far as electronic applicances are concerned. I would like the hon. Minister to give specific reply as to whether the Government is thinking to introduce electronic devices in the services like ports, railways, aircrafts, etc

MR SPEAKER. It does not arise here

अनियंत्रित कपड़े के मूल्य में वृद्धि

+

*685. **श्री अनन्त राम जायसवाल :**
श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा :

क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि सितम्बर, 1978 से मार्च, 1979 तक की अवधि में रुई के मूल्यों में कमी होने के बावजूद कपड़ा मिलों ने इस अवधि में अनियंत्रित किस्म के कपड़े के मूल्यों में वृद्धि की थी,

(ख) यदि हां, तो 1 सितम्बर, 1978 से 31 मार्च, 1979 तक की अवधि में रूई के थोक विक्रय मूल्य सूचकांक में कितनी कमी हुई थी और उसी अवधि में अनियंत्रित किस्म के कपड़े के मूल्य में कितनी वृद्धि की गई थी,

(ग) वर्ष 1977-78 और 1978-79 में राष्ट्रीय कपड़ा निगम के मिलों तथा निजी क्षेत्र की मिलों द्वारा तैयार किये जाने वाले अनियंत्रित किस्म के कपड़े के मूल्यों को विनियमित करने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है; और

(घ) क्या सरकार का विचार अनियंत्रित किस्म के कपड़े के मूल्य में वृद्धि पर नियंत्रण करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उद्योग मंत्री (श्री जार्ज फर्नान्डीस) : (क) जी, हां।

(ख) सितम्बर, 1978 से मार्च, 1979 की अवधि में कच्ची रूई का थोक बिक्री मूल्य सूचकांक 2.4 प्रतिशत गिरा, जबकि उसी अवधि में सूती कपड़े के थोक बिक्री मूल्य सूचकांक में 1.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

(ग) और (घ). कपड़े के मूल्यों में घटा-बढ़ी के समूचे प्रश्न के सम्बन्ध में सूती वस्त्र उद्योगपतियों से चर्चा हुई थी तथा उद्योगपतियों से कपड़े के मूल्यों को कम करने के बारे में तुरन्त कदम उठाने के लिये कहा गया था। उद्योगपतियों ने कुछ सुझाव दिये हैं जो सरकार के विचाराधीन हैं।

श्री अनन्त राम जायसवाल . क्रय शक्ति की कमी की वजह से अपने देश की आबादी का एक बहुत बड़ा हिस्सा साल के ज्यादा हिस्से में अधनंगा रहता है और सन् 64-65 के मुकाबले प्रति व्यक्ति साल की खपत में सन् 77-78 में 3.4 मीटर की कमी हुई है जो अपने में आप में बहुत एलार्मिंग है। इसके अलावा आप ने केवल छः महीने की फिगर दी है। साल भर की यह स्थिति है कि जहां पर रूई के दाम गिरे हैं साढ़े नौ परसेंट वहां कपड़े के दाम करीब तीन परसेंट बढ़ गये हैं और कपड़े के ही नहीं, सूत के, धागे के भी दाम बढ़ गये हैं। तो एक तरफ तो किसान और दूसरी तरफ जिन उद्योगों का आप बढ़ाना चाहते हैं, हैंडलूम वगैरह, उन को इस में नुकसान हुआ है क्योंकि धागे के दाम इतने बढ़ रहे हैं मैन मेड फाइबर के भी और क्लाथ के भी कि उस का चलना मुश्किल हो रहा है। कल एक डेलीगेशन आप से मिला था। तो मैं यह कह रहा हूं कि जो हथकरघा, कन्ज्यूमर और किसान इन तीनों की कीमत पर मिल मालिक दाम बढ़ाते चले जा रहे हैं उस के बारे में आप ने अपने जवाब में कोई जिक्र नहीं किया है कि आप की तरफ से उसके लिए क्या कार्यवाही हो रही है। आप ने खाली यह बता दिया कि मात्र मालिकों की तरफ से यह आफर है। आप ने इन दामों को रोकने के लिए क्या निश्चित कार्यवाही की यह बताने का कष्ट करेंगे।

श्री जार्ज फर्नान्डीस : हम तो इंडियन काटन मिल्स फेडरेशन के लोगों से मिले और उन से हमने यह कहा कि उन लोगों ने आज जिस रूप में दाम बढ़ाए हैं वह कम किए जाने चाहिए। उसके बाद यह दाम कम करने की दृष्टि से उन की तरफ से तीन सुझाव आए हैं जिनका मैं ने यहां पर जिक्र किया। हम ने उन से बताया है कि ये तीनों सुझाव हमें मंजूर नहीं है और दामों को उन्हें गिराना पड़ेगा। सूत और कपड़ा दोनों क्षेत्रों में जहां भी दामों को बहुत बढ़ाने का सिलसिला चला है उस को गिराने का काम उन्हें करना चाहिए। हम उम्मीद करते हैं कि हमारी तरफ से किसी और कदम के उठाए बिना दामों को गिराने का काम वह करेंगे। इस वक्त उन लोगों की बातचीत हमारे मंत्रालय के साथ चल रही है और अगर उन की तरफ से दाम घटने के सिलसिले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया जो हमें मंजूर हो तो हम कोई और कदम अपनी तरफ से उठाएंगे जिस के द्वारा दामों को गिराने में मदद मिले।

श्री अनन्त राम जायसवाल : पहले कपड़े के हर मीटर पर रिटेल प्राइस छपा करती थी। आजकल वाली एक्स-फैक्ट्री प्राइस प्लस ड्यूटी छाप देते हैं और शिकायत यह है कि वह भी इतना बढ़ा कर छापते

हैं कि जिस से वे खूब फायदा उठाएं। तो क्या आप पहले की तरह रिटेल प्राइस छपाएंगी और दूसरे, मूल्य को नियंत्रित करने के लिए तुरंत कंट्रोल लागू करेंगे ? इस के अलावा साल भर तक जो यह स्थिति रही कि बराबर कपड़े के दाम बढ़ते रहे इस बीच में आप का मंत्रालय क्यों सोता रहा इस पर कुछ प्रकाश आप डालेंगे ?

श्री जार्ज फर्नान्डीस : अध्यक्ष महोदय, जहां तक दामों पर कंट्रोल लगाने का सवाल है यह जहां तक हमारी समझ है संभव नहीं है क्योंकि कपड़े के दाम पर कंट्रोल लगा कर उस को फिर अमल में लाना एक असंभव जैसी चीज हमें नजर आती है। लेकिन और कई उपाय हैं जिन को अमल में लाया जा सकता है जिन के बारे में हम इस समय विचार कर रहे हैं और जहां तक हर मीटर पर कपड़े का दाम छापने का सवाल है यह मामला इस समय सरकार के विचाराधीन है।

माननीय सदस्य ने यह भी पूछा कि जब दाम एक अरसे से बढ़ते रहे तो सरकार ने उस के बारे में कोई कदम क्यों नहीं उठाया ?

श्री अनन्त राम जायसवाल : अरबों रुपया मिल मालिकों ने कमा लिया और खाली प्राइवेट ने ही नहीं नेशनल टेक्सटाइल कारपोरेशन ने भी कमाया है।

श्री जार्ज फर्नान्डीस : नेशनल टेक्सटाइल कारपोरेशन इस समय 40 प्रतिशत अपना कपड़ा कंट्रोल कपड़ा बना रहा है और बाकी जो नेशनल टेक्सटाइल कारपोरेशन का कपड़ा है वह आम तौर पर चार और पांच रुपये प्रति मीटर के दाम के भीतर है, तो अरबों रुपया नेशनल टेक्सटाइल कारपोरेशन के द्वारा मुनाफे के रूप में कमाने का सवाल नहीं है। यह सही है कि निजी मिलों ने इस प्रकार की कोई अपनी नीयत नहीं दिखाई जिस से यह मालूम हो कि लोगों को कपड़ा उचित मूल्य पर मिल सके इस जिम्मेदारी को उन लोगों ने निभाया हो। तो इस पर जो कार्यवाही हमें करनी है वह कार्यवाही हम लोग करने जा रहे हैं।

श्री चिमनभाई एच शुक्ल : जहां तक इस इंडस्ट्री का सवाल है कभी भी सरकार की बात इन्होंने नहीं मानी है।

They are taking Government for granted.

तो मैं यह पूछना चाहूंगा कि सरकार रा मैटीरियल और फिनिश्ड गुड्स, इन दोनों के बीच में कितना फर्क होना चाहिए यह मानती है तो सरकार जो मानती है उस के लिए वह क्या कदम उठाना चाहती है ?

एक बात मैं और पूछना चाहूंगा। ये मिल वाले कभी भी मानने वाले नहीं हैं। तो क्या सरकार जिस सख्त कदम की बात करती है उस में वह यह बात भी सोचेगी कि सारी मिलों में केवल स्पिनिंग होने दे, बुनाई न होने दे ?

बुनाई का काम भारत सरकार हथकर्घा उद्योग को सौंपे। जबतक यह नहीं होगा तब तक वे अपना मुनाफा कम करने वाले नहीं हैं क्योंकि उनको मुनाफा कमाने की आदत हो गई है।

श्री जार्ज फर्नान्डीस : मैं माननीय सदस्य की भावनाओं को समझता हूं। इसमें मेरा उनसे कोई मतभेद नहीं है कि मिल मालिक इस मामले में जो रुख अपना रहे हैं वह लोकहित वाला रुख नहीं है। सामान्य लोगों की समस्याओं के बारे में उनको किसी प्रकार की कोई चिन्ता नहीं है—यह बात बिल्कुल स्पष्ट है। लेकिन माननीय सदस्य का जो प्रश्न है कि हम सिर्फ स्पिनिंग का काम इन मिलों में करें और सारा वीविंग का काम बाहर निकाल दें—यह सम्भव नहीं होगा। जितनी पूंजी इस उद्योग में लगी हुई है और जितना कपड़ा मिलें बनाती हैं उसको मद्देनजर रखते हुए यह चीज इस वक्त सम्भव नहीं है। रा-मैटीरियल और फिनिश्ड प्रोडक्ट के जो रिश्ते का सवाल है वह अलग अलग उद्योगों में अलग अलग किस्म का होता रहेगा। टेक्सटाइल मिल्स में भी रा-मैटीरियल और फिनिश्ड प्रोडक्ट का जो अन्तर है उसमें जरूर फर्क रहेगा।

श्रीमती जन्नावती : अध्यक्ष महोदय, 1966-67 में जब रूई का भाव शायद 400—500 रुपए के बीच रहा तब कपड़ा साढ़े चार, पांच रुपए मीटर पर था लेकिन आज रूई का भाव 260 पर चले जाने के बाद भी कपड़ा 11 रुपए मीटर बिक रहा है। मैं मंत्री जी से जानना चाहती हूं क्या सरकार ने इस मुनाफे को कंट्रोल करके, रूई के जो उत्पादक हैं उनके साथ कोई सामंजस्य करने की चेष्टा भी की है ?

श्री जार्ज फर्नान्डीस : यही चेष्टा इस समय हो रही है।

श्री कंवर लाल गुप्त : मंत्री जी ने अभी शायद दो तीन दिन पहले कहा कि सरकारी काटन टेक्सटाइल मिलें इस साल बहुत नफा कमायेंगी। उसका कारण यह नहीं है कि उनकी एफीशिएन्सी बढ़ गई है बल्कि उसका कारण यह है कि रूई के दाम बहुत गिर गए हैं और काटन क्लाथ के दाम बढ़ा रहे हैं। प्राइवेट मिलें उनसे भी ज्यादा गडबड़ कर रही हैं। यह मंत्रालय पिछले दो साल से पेसिव स्पेक्टेटर रहा है। एक एक गज पर बीस-बीस पैसे दाम बढ़े हैं। मेरे पास काटन का इन्डेक्स है।

The cotton index for May 1977 was 214, and for October 1977 it has come down to 160.6. There is a fall of 22.6 per cent.

मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि आप दाम कितना कम करना चाहते हैं और क्या मांग आपने रखी है ? अगर वे दाम कम नहीं करते हैं तो आप क्या कार्यवाही करेंगे ? अभी जैसा यहां पर रिटेल प्राइस छापने के लिए कहा गया तो अगर पहले यह दाम छापे जा सकते थे तो अब क्यों नहीं छापे जा सकते हैं ? आप उनकी कास्टिंग करके एक्स-मिल प्राइस छापिए न कि आप उनके हाथ में दें दें कि जो भी चाहें वे छाप दें।

श्री जार्ज फर्नान्डीस : जहां तक एन टी सी मिल्स के मुनाफे का सवाल है, इस साल पहली बार एन टी सी. मिलों ने तीन करोड़ का मुनाफा कमाया है। मैं माननीय सदस्य की इस राय से सहमत नहीं हो सकता कि यह मुनाफा रुई का दाम कम होने के कारण या कपड़े का दाम बढ़ाने के कारण हुआ है। जैसा मैं ने पहले बताया, एन टी.सी.की मिलें प्रति वर्ष चालीस करोड़ गज कन्ट्रोल का कपड़ा बनाने के काम में लगी है जिसमें मुनाफा कमाने की कोई बात नहीं है। जो दाम कपड़ा बनाने में लगता है वही दिया जाता है एन टी.सी. मिलों में मुनाफे का कारण यह है कि मार्डनाईजेशन का काम वहां पर किया गया है और एफीशिएन्सी बढ़ाने का काम भी हुआ है। मैनेजमेन्ट में जहां जहां कमजोरियां थीं उनको भी दूर करने का काम हुआ है। ऊपर से लेकर नीचे तक कई प्रकार के प्रयास हमने डेढ़ साल में किए हैं। हमने पहली बार एन टी सी की 111 मिलों के जनरल मैनेजर्स को एक जगह पर बुलाकर, उनकी समस्याओं को समझ कर, उनकी समस्याओं को हल करने का प्रयास किया ताकि उनका काम ठीक ढंग से हो। इस तरह से हम ने इस दिशा में कई प्रकार के प्रयास किए हैं जिसका नतीजा यह है कि आज एन टी सी. मुनाफे की ओर बढ़ रही है।

जहां तक मिलों द्वारा मुनाफा कमाने का सवाल है, मिलें मुनाफा जरूर कमायेंगी। कोई मिल मुनाफा कमानी है, यह कोई सवाल नहीं हो सकता है मुनाफा जरूर होगा—उद्योग में निजी क्षेत्र हो या सार्वजनिक क्षेत्र हो—मुनाफा होगा, इस के बारे में कोई झगड़ा नहीं है। लेकिन सवाल यह है कि जो उद्योग मुनाफा कमा रहे हैं और दामों पर लगाम लगाने में सहयोग नहीं कर रहे हैं—इस सम्बन्ध में उन की तरफ से तीन प्रस्ताव हमारे सामने आये हैं और हम ने कहा है कि ये हमें मन्जूर नहीं है। अब जो ठोस सुझाव है वे हम ने रखे हैं और उन से जैसा जवाब आयेगा फिर उस पर कार्यवाही करेंगे।

Memorandum by Christian Welfare Association, Bihar

*687. SHRI KISHORE LAL: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Christian Welfare Association presented a Memorandum to Governor of Bihar in a mass deputation on 5th March, 1979,

(b) what are their main demands;

(c) whether it is a fact that during the last one year there have been many attacks on their missions/institutions/individuals in various parts of Bihar; and

(d) the forces/institutions behind this?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI DHANIK LAL MANDAL): (a) to (d) The information is being collected from the Government of Bihar and will be laid on the Table of the House. But just a few hours back we got information from the Bihar Government and on the basis of that I wish to correct my answer.

In regard to part (a), whether it is a fact that Christian Welfare Association presented a memorandum to the Governor of Bihar, the answer is: yes, on the 5th March a memorandum was submitted to the Deputy Secretary to the Governer.

With regard to (b), the demands are: to institute a high level enquiry into the matter of the incident and find out whether there is any institutionalised agency behind this and to bring the culprits to book.

As regards the other parts of the question, information is being collected from the Government of Bihar.

श्री किशोर लाल : अध्यक्ष महोदय, मैं यह जानना चाहता हूं—इन के मेमोरेण्डम देने से पहले वहां कितने क्रिश्चियन-मिशनरीज के मर्डर हुए, जिस से उन के अन्दर सेन्स-आफ-इनसिक्योरिटी पैदा हुई तथा जिन मिशनरीज का मर्डर हुआ क्या उन के बारे में कोई इन्वेस्टीगेशन हुआ ? मैं यह भी जानना चाहता हूं—क्या कोई सेन्ट्रल एजेन्सी जैसे इंटेलीजेन्स ब्यूरो या कोई अन्य एजेन्सी इन क्रिश्चियन मिशनरीज के मर्डर की जांच में लगी हुई है ?

श्री धनिक लाल मण्डल : मुकामा में एक क्रिश्चियन फादर की मृत्यु हुई थी, उस के बाद यह मेमोरेण्डम राज्यपाल महोदय को दिया गया। उस मेमोरेण्डम में उसके पहले की घटनाओं के बारे में जो बातें कही गई है—उन में कहा गया है कि मुंगेर में इस तरह की घटना हुई है, उस के बाद बरौनी में हुई, चनपुटिया, चम्पारन में हुई, रोहतास में हुई—इस तरह की कुछ घटनाओं का जिक्र किया गया है। जहां-जहां इस तरह की घटनायें हुई, उन के सम्बन्ध में मैं ने अभी बताया है, लेकिन इन पर जो सूचना मांगी गई है, वह हम को अभी उपलब्ध

नही है, इस लिये इस सम्बन्ध मे हम आगे नहीं बतला सकते हैं।

श्री किशोर लाल : उस मेमोरेण्डम की चार घटनाओं का जिक्र मंत्री महोदय ने किया, जो बिहार में हुई हैं। ये घटनायें डिस्ट्रिक्ट टाउन्ज में हुई है और 5 मार्च के बाद एक महीने से ज्यादा हो गया है, बिहार सरकार ने गवर्नमेन्ट आफ़ इण्डिया को अभी तक इत्तिला नही दी। क्या गवर्नमेंट आफ इण्डिया यह मुनासिब नही समझती कि माइनारिटी कम्यूनिटीज ने जो मेमोरेण्डम दिया है और उन के अन्दर जो सन्स-आफ़- इन्सिक्योरिटी पैदा हुई है —उस को दृष्टि में रखते हुए सी०बी०आई० या किसी अन्य सैन्ट्रल एजेन्सी से इन्वेस्टीगेशन करावे , ताकि जो लोग उस के पीछे है या जो इंस्टीगेटर्स उन के खिलाफ़ हैं— उन के विरुद्ध शीघ्र कार्यवाही की जा सके और हमारी माइनारिटी कम्यूनिटीज में जो सेन्स-आफ इन्सिक्योरिटी पैदा हो गई है, उस को दूर किया जा सके ? क्या गवनमेन्ट इस बात को कन्सीडर करेगी कि वह अपनी किसी सैन्ट्रल एजेन्सी के जरिये इसको इन्वेस्टीगेट कराये ?

श्री धनिक लाल मंडल : महोदय, इस में सी०बी०आई० की एन्कवायरी की बात नही है। [अभी जिन घटनाओं का जिक्र किया गया है— वे उस मेमोरेण्डम में दी गई है —मोकामा, हवेली-खड़गपुर, बरौनी, चनपुटिया, रोहतास— ये सब डिस्ट्रिक्ट टाउन्ज नहीं, हैं जैसा कि माननीय सदस्य ने कहा है। इन के सम्बन्ध में बिहार सरकार से जानकारी मंगाई गई है, वह अभी हमें मिली नही है। हम जरूर कोशिश करेंगे कि जल्द से जल्द जानकारी आ जाय, जो देरी हुई है, उस के लिये हमें खेद है।

SHRI B. P. MANDAL: I want to know, when on 5th March a deputation met the Governor of Bihar, what steps were taken and whether the Governor of Bihar, as the agent of the Government of India, brought it to the notice of the Government of India that minorities in Bihar, especially the Christian minorities, are harassed? May I know also whether it is a fact that RSS is behind these atrocities? (*Interruptions*).

SHRI DHANIK LAL MANDAL: No, Sir.

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

Development of productivity services by the National Productivity Council

*686. SHRI NATVARLAL B. PARMAR: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether the National Productivity Council had considered proposals for development of productivity services; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI GEORGE FERNANDES): (a) and (b). The development of productivity services is a continuing process with the National Productivity Council since its inception, brief details of which are set out below:

(i) It has developed specialised services in Industrial Engineering, Fuel Efficiency, Plant Engineering, Production Engineering, Behavioural Science and Financial Management.

(ii) It provides training and productivity survey and implementation service in the above areas, undertakes applied research projects and propagates these through publications and various audio-visual aids.

कौन ऐसा व्यक्ति है वह जैनरल मैनेजर हो या कोई और अफसर कि अगर कोई पार्लियामेंट का मम्बर डट कर कहे कि ऐसा नहीं होना चाहिए जो फिर भी वैसा करने की हिम्मत करे? हम लोग तो आपोजीशन में हैं जब हम लोगों की बात चलती है तो आप लोगों की गवर्नमेंट तो सैंटर और स्टेट्स में है आपकी बात क्यों नहीं चलती है? इन बातों की शिकायत यहां पर नहीं आनी चाहिए। मिनिस्टर साहब या फूड कार्पोरेशन के मैनेजर को एक लैटर लिखना ही काफी है। फूड कार्पोरेशन हो या कोई और संस्था हो ऐसा नहीं हो सकता है कि वह पब्लिक रिप्रेजेन्टेटिव्ज की बात को न माने। आखिर इसमें हमारा कोई पर्सनल गेन तो नहीं है। हम किसानों के नुमायंदे हैं। हम यही चाहते हैं कि किसानों के साथ न्याय होना चाहिए उन्हें पूरा पैसा मिलना चाहिए उनकी लूट खसूट नहीं होनी चाहिए और उन्हें व्यापारियों के चंगुल से बचाना चाहिए। ये काम करने के लिए हम लोग पब्लिक के रिप्रेजेन्टेटिव हैं। अगर हम लोगों की बात वहां नहीं चलती है तो मिनिस्टर साहब को कहने से वह आदमी वहां से जा सकता है सस्पेंड और डिसमिस हो सकता है। इसलिए हम लोगों को इस बारे में प्रयत्न करना चाहिए।

श्री हरीकेश बहादुर (गोरखपुर) : सभापति महोदय कृषि मंत्रालय की अनुदान-मांगों पर बोलने के लिए आपने मुझे जो अवसर दिया है उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं।

आज कल कृषि के बारे में हमारे देश में आम धारणा बन चुकी है कि हमारा देश अनाज के उत्पादन में आत्म-निर्भर हो गया है और हम दूसरे देशों को अनाज भेजने लगे हैं। यह एक बहुत ही प्रसन्नता की बात है और इस के लिए हम सरकार और मंत्री महोदय को बधाई देना चाहते हैं। यों तो हमारे देश में जो क्लाईमेट है वह भी इस स्थिति के लिए मुख्य रुप से बहुत हद तक जिम्मेदार है जिसमें कृषि का उत्पादन बढ़ा है। लेकिन हमें अभी बहुत कुछ कार्य करने हैं। सब से पहले मैं फ्लड कंट्रोल के बारे में कहना चाहता हूं।

मेरा सुझाव है कि हमें कृषि को बाढ़ से बचाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करना चाहिए। सरकार ने इस दिशा में कुछ कदम भी उठाये हैं लेकिन इस बारे में जितनी तत्परता की आवश्यकता है वह हमें नीचे के कर्मचारियों और दूसरे लोगों में दिखाई नहीं देती है जो इस कार्य को करने के लिए जिम्मेदार है। मैं खास तौर से पूर्वी उत्तर प्रदेश में बाढ़ की स्थिति पर कुछ कहना चाहता हूं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में तमाम नदियों में हर साल भयंकर बाढ़ आती है जिससे कृषि को बहुत नुकसान होता है। मैं अपने जिले गोरखपुर में राप्ती घाघरा रोहिणी और नारायणी नदियों की बाढ़ के बारे में मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि जो बांध बनाने की स्कीम चालू की गई है उसे अतिशीघ्र कार्यान्वित कराये अन्यथा इस समय लोगों को बहुत क्षति उठानी पड़ती है और कृषि का बहुत नुकसान होता है।

इस सम्बन्ध में मैं कहना चाहता हूं कि पूरे उत्तर भारत और देश के काफी बड़े हिस्से में फ्लड कंट्रोल के लिए कैप्टन दस्तूर की गारलैंड कैनाल की स्कीम पर गम्भीरता के साथ विचार करना चाहिए। उन्हें संसद् सदस्यों की एक मीटिंग में बुलाया गया था जिसमें उन्होंने गारलैंड कैनाल स्कीम के बारे में बहुत विस्तार के साथ बताया था। जो बातें उन्होंने बताई थीं अगर वे सब ठीक हैं तो हम कह सकते हैं कि गारलैंड कैनाल के बनने के बाद न केवल बाढ़ पर नियंत्रण हो जायेगा बल्कि करोड़ों लोगों को रोजगार मिलने की भी सम्भावना है। इस लिए इस स्कीम पर बड़ी गम्भीरता के साथ विचार करना चाहिए। योजना मंत्रालय की मांगों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधान मंत्री जी ने भी इसका जिक्र किया था और कहा था कि सरकार उसके बारे में कार्य कर रही है। लेकिन यदि वह बहुत ही यूजफुल स्कीम है तो देखना चाहिए कि उसे जल्दी से जल्दी कार्यान्वित किया जाये।

फ्लड कंट्रोल के अलावा दूसरी बात मैं शुगर इंडस्ट्री के बारे में कहना चाहता हूं। मैंने जब कभी भी इस सवाल को सदन में उठाया है बराबर यह कहा है कि शुगर इंडस्ट्री में तमाम मिल मालिक हमारे किसानों का और आम जनता का शोषण कर रहे हैं। उस शोषण से मुक्ति के लिए और साथ ही उस पर पूरी तरह से एक नियंत्रण स्थापित रखने के लिए जिस से कभी उस की कमी न होने पाये शुगर इंडस्ट्री के राष्ट्रीयकरण की दिशा में सरकार को अवश्य सोचना चाहिए।

लैंड रिफार्म के बारे में मैं यह कहना चाहूंगा कि लैंड रिफार्म की जो स्कीम चलाई गई है उस में अभी भी ठीक ढंग से जमीन का बंटवारा नहीं हो पा रहा है और लोगों को जमीन नहीं मिल पा रही है। इस में राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है लेकिन केन्द्रीय सरकार को भी इस में तत्परता दिखाने की आवश्यकता है। तमाम गांवों के अंदर सीलिंग के बाद जमीन निकली हुई है लेकिन उस का ठीक ढंग से बंटवारा नहीं हुआ है। जिस की जमीन निकली हुई है वही लोग उस पर खेती भी कर रहे हैं। इसलिए आज जो कृषि के कार्य में लगे हुए मजदूर हैं उन की दशा सुधारने के लिए और साथ ही भूमिहीनों की दशा को भी सुधारने के लिए उस भूमि के बंटवारे पर सरकार को तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। उस में किसी प्रकार की कमी करना देश के गरीब लोगों के प्रति एक बहुत बड़ा अन्याय होगा जब कि हमारी सरकार वचनबद्ध है कि गरीबों का हित करेंगे।

[श्री हरीकेश बहादुर]

वनों के बारे में मैं यह कहना चाहूंगा कि आज हमारे पहाड़ों के अन्दर जो जंगल काटे जा रहे हैं या काटने की जो योजनाएं हैं उन्हें तुरन्त रोकना चाहिए। हमें नये जंगल लगाने चाहिए न कि ऐसी जगहों से जंगल काट लेने चाहिए खास तौर से पहाड़ों में जंगल काट लेने से जो भू स्खलन होता है उस से कितनी हानि उठानी पड़ती है। अभी भागीरथी में भू स्खलन के बाद जो एक बहुत बड़ी चट्टान आ कर रुक गई थी उस से कितना खतरा पैदा हो गया था यह हमें पता है। तो जंगल काटने से इस तरह की घटनाएं होती हैं इसलिए बजाय जंगल काटने के नये जंगल लगाने की दिशा में सरकार को विशेष ध्यान देना चाहिए।

इर्रीगेशन फैसिलिटीज के बारे में यह जान कर के हमें प्रसन्नता हुई है कि सरकार ने इस पर विशेष ध्यान दिया है। लेकिन हमें इस दिशा में भी बहुत तेजी के साथ कार्य करने की आवश्यकता है और राज्य सरकारों को जहां केन्द्रीय सरकार इस कार्य के लिए पैसे देती है वहीं उसे पैसे दे कर ही अपनी जिम्मेदारी से अलग नहीं हो जाना चाहिए बल्कि बराबर राज्य सरकारों पर इस बात का दबाव भी डालने की कोशिश करते रहना चाहिए कि राज्य सरकारें इस काम को पूरी तेजी से करें। अगर इर्रीगेशन फैसिलिटीज ठीक ढंग से नहीं दी जायेंगी तो कृषि का उत्पादन नहीं बढ़ेगा और हम आत्म निर्भरता के जिस लक्ष्य तक पहुंचना चाहते हैं वहां तक नहीं पहुंच पायेंगे।

ग्रामीण विकास के कार्यक्रम के संबंध में माननीय मंत्री जी ने बहुत सी बातें बतायी हैं। बात बहुत उत्साह-वर्द्धक है। बहुत तेजी से यह काम हो रहा है और खास तौर से यह जो फूड फार वर्क स्कीम चली है उस से तमाम गांवों के अन्दर लिंक रोड्स बन रही हैं और दूसरे तरह के भी कार्य हो रहे हैं लेकिन उन कार्यों में जिस तरह की तेजी होनी चाहिए वह नहीं है क्योंकि हम ने देखा है कि सरकारी अधिकारी जो राज्य सरकार से सम्बन्धित हैं वे लोग उस पर विशेष ध्यान नहीं दे रहे हैं। लेकिन उन के न ध्यान देने के बावजूद भी क्योंकि जन प्रतिनिधियों का उन पर दबाव रहता है इसलिए काफी काम हुआ है। अगर उस मशीनरी को स्ट्रीम लाइन करने की व्यवस्था की जा सके तो वह भी करना चाहिए और सरकार को उस दिशा में भी सोचना चाहिए।

इंडियन कौंसिल आफ एग्रीकल्चरल रिसर्च के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। यह संगठन हमारे देश में कृषि के उत्पादन को बढ़ाने के लिए नये अनुसंधान करने के लिए बनाया गया था और इस ने महत्वपूर्ण कार्य भी किया है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि यह पता नहीं चलता कि यह संस्था कृषि उत्पादन के लिए बना है या सूसाइड के नये नये तरीके ढूंढने के लिए। हमेशा ही वहां पर सूसाइड होता रहता है और नये नये तरीके से होता है। कभी कोई गले में फन्दा लगा लेता है कभी कोई ऊपर से कूद जाता है कभी कोई तीसरी मंजिल से कूदता है कभी कोई चौथी मंजिल से कूदता है। इस तरह के तमाम कार्य वहां पर हो रहे हैं। माननीय मंत्री जी को देखना चाहिये कि वहां पर क्या कारण है जो इस प्रकार की बातें होती हैं। कहा जाता है कि आई० सी० ए० आर० में वैज्ञानिकों के गुट बने हुए हैं और वे एक दूसरे से इस प्रकार की प्रतिस्पर्द्धा में रहते हैं कि एक दूसरे का पांव खींचने में लगे रहते हैं। माननीय मंत्री जी को देखना चाहिये कि सही तरीके से वहां उनको प्रोमोशन वगैरह मिले और जो सुविधाएं आवश्यक हैं वह मिले। इस पर ध्यान देना चाहिये।

पोटैटो रिसर्च इंस्टीच्यूट जो है उस के बारे में मैं ने एक पत्र लिखा था माननीय मंत्री जी को 23 नवम्बर 1978 को। वह पत्र उन्होंने एकनालेज किया है। उस के बाद उस में क्या हुआ यह कुछ नहीं पता चला। वहां के निदेशक के बारे में मैंने कुछ आरोप लगाए थे जो मुझे मिले थे। वह मैंने उन को भेजे थे। मुझे लगता है कि उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई अन्यथा माननीय मंत्री जी ने हमें सूचित किया होता। इस प्रकार से तमाम लोगों के बारे में जैसा कि अभी भानु प्रताप सिंह जी कह रहे थे कि आप लोग कोई बात बताते नहीं हैं तो हम बताते हैं और उस पर कोई कार्यवाही नहीं होती है तो उससे बड़ी निराशा होती है। जहां तक माडर्न बेकरी का सम्बन्ध है वहां पर कोई ब्रिगेडियर यादव थे मैनेजिंग डायरेक्टर उनको कम्पलसरी रिटायरमेंट दे दिया गया। उनके खिलाफ तरह तरह के चार्जेज थे। शायद सी बी आई के द्वारा भी इन्क्वायरी हुई थी। उनके ऊपर क्या कार्यवाही हुई है—इस सम्बन्ध में कोई जानकारी नहीं है। सम्भवत कोई कार्यवाही हुई हो नहीं है। आज माडर्न बेकरी की स्थिति यह है कि उसकी यूटि-लाईजेशन कैपेसिटी लगातार घटती चली जा रही है। मंत्रालय की ओर से जो किताब दी गई है उसमें बड़ी बड़ी बातें लिखी हुई हैं किन्तु उसकी स्थिति दिन प्रति दिन खराब होती चली जा रही है। उसमें केवल नौकरशाही का ही बोल बाला है। इसमें यह भी लिखा हुआ है कि कम्पनी पेय-77 का उत्पादन भी कर रही है लेकिन यह देख कर बड़ा दुःख होता है कि पेय-77 का कंजम्शन उस मात्रा में नहीं हो रहा है जितना कि दूसरे पेयों का है। कम्पनी अपने प्रोडक्ट को उस क्वालिटी का नहीं बना पा रही है जिस क्वालिटी की आवश्यकता है। इसी प्रकार से और भी उद्देश्य थे जिनके लिए आप काम करना चाहते थे लेकिन आज वे सारे काम बन्द हो गए हैं।

दिल्ली मिल्क स्कीम के बारे में मैं कहना चाहूंगा कि गवर्नमेंट इसको कम्पनी के रूप में बदलने की योजना बना रही है जिसके कारण बहुत सारे कर्मचारियों में क्षोभ व्याप्त है। वे यह समझते हैं कि कुछ नये तरीके के उपकरण आयेंगे और कम्पनी बना कर कुछ इस प्रकार के काम किए जायेंगे जिनसे तमाम लोगों का रेट्रेन्चमेण्ट होगा। तो इसको बचाने के लिए भी सरकार को ध्यान देना चाहिये।

एफ सी आई के गोदामों के बारे में भी मैं कुछ कहना चाहता हूं। मैं बहुत संक्षेप में, जो प्वाइंट्स मैंने लिख रखे हैं उनको बता रहा हूं ताकि मंत्री जी उन पर ध्यान दे सकें। एफ सी आई के गोदामों के

लिए वर्ल्ड बैंक ने लगभग 360 करोड़ रुपया दिया है लेकिन अभी तक उस काम की शुरुआत ठीक ढंग से नहीं हुई है। खास तौर से रूरल एरियाज में कहीं एफ सी आई के गोदाम नहीं बन रहे हैं। यदि उत्पादन बढ़ा है तो उस का रखने के लिए जगह भी चाहिये। हमेशा अनाज सड़ता है और हमेशा इस सदन में तरह तरह की बातें आती हैं लेकिन उन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस के अलावा बोरों की कमी की बात भी कही जा रही है। यदि बोरे नहीं होंगे तो उस को कैसे रखा जायगा ? यह एक बहुत बड़ी समस्या है जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

प्रोपाउड रेलवे लाइनइन रूरल एरियाज के बारे में रेल मंत्री जी ने कहा था कि वहां कृषि फार्म है जहां कृषि की काफी पैदावार होती है वहां रेलवे लाइन बनाएंगे। मझे पता नहीं रेल मंत्रालय की ओर से कोई पत्र आप के पास आया है या नहीं जिसके आधार पर आप बता सकें कि कौन से क्षेत्र हैं जहां पर रेलवे लाइन बनाई जायगी। उदाहरण के लिए उत्तर प्रदेश में जो रामपुर काठगोदाम लाइन है वहां पर कृषि का बहुत बड़ा क्षेत्र है। रामपुर काठगोदाम की पहले से ही प्रापाउड लाइन थी लेकिन उस को रोक दिया गया है। उस का रेलवे बनाने नहीं जा रही है। इसलिए कृषि मंत्री जी को कहना चाहिये कि रेलवे ने अगर इस तरह की कोई योजना बनाई है तो उस रेलवे लाइन को फौरन बनाना चाहिये।

गेहूं वगैरह की प्राइस के बारे में मैं कहना चाहूंगा कि कृषक जो कुछ भी पैदा करते हैं उस का उचित मूल्य उन को मिलना चाहिये। उस का क्या प्रबन्ध हो रहा है उस के बारे में मंत्री जी को स्पष्ट करना चाहिये। खाद के दाम तो जरूर कम किए गए हैं। पहले भी कुछ कम हुये थे। अनाज के दाम भी कुछ बढ़ाए गए हैं लेकिन उस के बावजूद कृषक महसूस करता है कि उस को उचित मूल्य नहीं दिया जा रहा है। मझे उम्मीद है कि मंत्री जी अपने जवाब में इन सारी बातों को स्पष्ट करेंगे। किसानों को राहत देने के लिए वे खास तौर से कुछ योजनायें बनायेंगे। अन्त में पुन दोहरा देना चाहता हूं कि फ्लड कण्ट्रोल के ऊपर वह विशेष रूप से ध्यान दें क्यों कि उत्तर प्रदेश का पूर्वी हिस्सा हमेशा बाढ़ से जलमग्न हो जाता है और उस में बड़ी क्षति होती है।

SHRI K. MALLANNA (Chitradurga): Madam Chairman, at the outset I want to congratulate the Agriculture Minister for having tried to help the agriculturists in the country. 60 per cent of the agricultural families are living below the poverty line. Government have introduced some measures in order to improve their economic condition in the rural areas, like the Food for Work Programme, Drought-Prone Areas Programme, Desert Area Development Programme, Small Farmers Development Agency, Tribal Area Development Programme and Hilly Area Development Project, apart from the Antyodaya or village development These are the measures taken by the Government to ameliorate or improve the working conditions of the rural folk.

Madam Chairman, I am coming from a constituency which has been declared as a backward area by the Planning Commission and almost all of my constituency is covered by the DPAP programme and also by Small Farmers Development Agencies (SFDA). Both these programmes are Centrally sponsored schemes. These schemes are introduced just to help the rural folk, i e, the very oppressed and depressed class in the existing rural society.

Madam Chairman, the drought-prone area in the country covers nearly 74 districts in 13 States. That means, it covers 12 per cent of the total population In terms of area it covers 5.66 lakh square kilometres, that is, 20 per cent of this area I find now that for the year 1979-80 it has been allotted Rs. 59 44 crores I feel it is very insufficient because the Planning Commission has declared more than 200 districts as backward areas under the drought-prone area programme. Madam the idea behind this is to tap the underground water and to irrigate these areas with underground water and river water. They have taken up soil conservation, then horticulture and so many other programmes to improve and provide jobs to the rural people, namely, the small farmers and the agriculturists

Madam Chairman, under the IRD programmes that is the Integrated Rural Development programmes, the DPAP and SFDA programmes are included. Unfortunately they have not planned anything except mentioning about some soil conservation and some afforestation. Planning should be made according to the situation of the area. Take, for example, my constituency.

[Shri K. Mallanna]

Though it is declared as under drought-prone area programme, they want to dig up the underground water. There is a big river called Bhadra going by the side of my constituency If Bhadra water is taken to my constituency, it covers about 12 to 13 taluks. Then if all the 12 or 13 taluks are irrigated by this Bhadra project, I think what the Government has thought to improve this under the DPAP programme will be successful It is only by investing money on the minor irrigations, that too which cost above Rs 50,000, that success can be achieved. But nothing is mentioned about minor irrigations, about the tubewell's and borewells. If we request the agency to take up a tube well or bore well, they will say it does not come under minor irrigation, and so it cannot be taken up under DPAP But then, how can you tap underground water without tube wells or bore wells? So, it is only a name sake

In the DPAP areas, agro-based industries should be started They are said to be encouraging horticulture, sericulture, piggery, poultry etc, but it is all only in name because implementation is not properly done I want the Ministry to take up these things intensively.

So far as advance of loans to these programmes is concerned the banks are giving a lot of trouble and causing a lot of inconvenience to the poorer section of the society. Though a subsidy of 30 to 60 per cent is given to agricultural labourers and farmers, the nationalised and local banks are not coming forward to help these poor people. So, I request the hon. Minister to look into the matter and give them easy loans

Unfortunately, though these programmes are meant for the economic development of the poorer sections, they have not been properly implemented. I suggest that agricultural centres should be started at least in the DPAP areas like the industrial centres which have been started in the city and town areas to help small-scale and other industries.

The poor ryots and agricultural labourers have no house or shed to rear poultry. When they ask for a loan, the bank people enquire if they have got a shed or a house, and that too scientifically constructed. They say they cannot afford it, and the bank people do not give the money.

Similarly, sericulture requires well-built weather-proof houses for the cocoons to be reared properly, but small farmers owning two or three acres of land are unable to build these houses, and the bank people are not giving them money, with the result they are unable to take to this industry

If at all there is any programme to help the rural folk, it is the dairy farming programme Here also, the bank people reject loan applications on the ground that the ryots have no proper cow sheds I would request the hon Minister to consider all these things and to establish agricultural centres in the rural areas.

I want to stress one more point. As far as the milk societies are concerned, we have to consider the pricing policy. In my State, the State Government, has, with great difficulty, introduced in certain pockets a scheme called Karnataka Dairy Scheme, under which the minimum price fixed for milk is Rs. 1 35 per litre. In Gujarat it is Rs. 1.65. I do not know about other States. The cost of the inputs are rising. The cost of feeding the cattle has gone up. The cost of buffaloes and cows has also gone up. So, they are not able to maintain the cattle. It is very difficult to purchase milch animals because they are very costly. So, I would request the hon. Minister to fix up the minimum price for the milk because that would help many people in the rural areas. It would also give employment to many people. Easy availability of manure would enable them to improve the fertility of the land.

Then I would come to the marketing facilities in the rural areas. Under DPAP programmes, poor ryots and agriculturists are being given loans to purchase buffalows and cows. But they are not finding market for the milk. So, they are unable to repay the loans advanced to them. So, I would request the Minister to take the necessary steps to improve the marketing facilities. If they are really keen to improve the economic condition of the small and marginal farmers, they have to establish agricultural centres, fix the minimum price for their produce and also improve the marketing facilities.

श्री हुकमदेव नारायण यादव (मधुबनी) : सभापति जी, अभी जो बहस चल रही है, उस के बारे में सब से पहले मैं यह कहना चाहूंगा कि किसानों से सम्बन्ध रखने वाली इस बहस में तीन तरह के लोग हैं, जिन्होंने हिस्सा लिया है। एक तो वास्तव में किसान हैं, जो गांव में खेत की मेंढ पर खड़ा हो कर अपनी खेती करता है। दूसरा वह है, जो कोठी शहर में रखता है लेकिन उस का फार्म देहात में है और वह भी अपने आप को किसान कहता है और तीसरे ऐसे लोग हैं जो एअर-कण्डिशण्ड मकानों में गद्दों पर बैठ कर केवल किसानों से सम्बन्धित कुछ किताबें पढ़ कर ज्ञान इकट्ठा कर लेते हैं और वे भी अपने आप को किसान समझते हैं।

सही मायने में गांव की समस्या के बारे में ऐसे लोग विचार करते हैं जिन्होंने गांव को कभी देखा नहीं, जिनके घर की औरतों को भादों की अंधेरी रात में टिहुना भर कीचड़ हेल कर कभी सड़क के किनारे पाखाने पर नहीं बैठना पड़ा, वह कभी गांववाली औरतों की कठिनाई के बारे में नहीं जान सकते। आज भी गांव में बसने वाली करोड़ों ऐसी औरतें हैं, जिनको 12 घण्टे तक पाखाने को अपने पेट में सड़ा कर रखना पड़ता है, सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक उनके पाखाना जाने की कोई व्यवस्था नहीं है। सूर्यास्त होता है तो गांव के बाहर जब पाखाने को जाती हैं और सड़क के किनारे पर पाखाने पर बैठती हैं, उस समय कोई राही रास्ते से निकलता है तो आधा पाखाना पेट में लेकर खड़ी हो जाती हैं। गांव में बसने वाली उन करोड़ों औरतों के बारे में वही जान सकता है जिस ने कभी उस वातावरण को देखा हो, वहां पला हो, जिसको उस वातावरण की असलियत का ज्ञान हो। आजाद भारत में गांव में बसने वाली करोड़ों महिलाओं के पाखाना जाने की भी व्यवस्था नहीं हो पाई और न जनता राज्य में ही उस तरफ कोई दृष्टि है और न उसको सुधारने की चिन्ता है।

जिस देश में माताएं रोगिणी होंगी, रोगिणी के पेट से कभी स्वस्थ संतान पैदा नहीं हो सकती, देश की संतान मां के पेट से ही रोगिणी होगी, उस संतान से कभी देश की सीमाओं की सुरक्षा नहीं हो सकती। इसलिए, अगर सीमाओं की सुरक्षा करनी है तो गांव की करोड़ों महिलाओं के स्वास्थ्य को ठीक करने के लिए पहले उनके पाखाने की व्यवस्था करनी होगी।

आज हम खेती पर चर्चा करते हैं। खेती के लिये जो लोग पिस रहे हैं, एक तरफ सरकारी तंत्र है और दूसरी तरफ व्यापारी। इस व्यापारी और नौकरशाही की चक्की में खेती पिस रही है। कबीरदास ने कहा था—

चक्की चलती देख कर दिया कबीरा रोय,
दो पाटन के बीच में साबित बचा न कोय।

व्यापारी की बात जब हम करते हैं तो उसको क्यों नहीं बढ़ावा मिलेगा? व्यापार में लाइसेंस, परमिट, घूस, तरक्की, मुनाफा और फाइव-स्टार होटल सब कुछ है लेकिन खेती में न लाइसेंस, न परमिट, न घूस और न खेती करने वालों के पास फाइव-स्टार होटल जहां वह मौज कर सकें। जहां सुख और सुविधाओं का अम्बार है, वहां व्यापार की तरक्की होगी, खेती में यह सुख-सुविधाएं नहीं हैं इसलिए किसानों की उपेक्षा होती रहेगी। आज जब यह कहते हैं कि जनता सरकार ने बहुत ज्यादा किया, मैं वित्त मंत्री को बधाई देना चाहूंगा कि उन्होंने अपने इस बजट में गांव के प्रति, किसानों के प्रति कुछ ध्यान दिया है। लेकिन दूसरी तरफ यह भी देख लें कि शहरों में बसने वाले जो मुट्ठीभर आदमी हैं, जिनके हाथ में समाचार पत्र हैं और दूसरे साधन हैं वही आज वित्त मंत्री के खिलाफ और इस बजट के खिलाफ हंगामा खड़ा किये हुए हैं कि यह बजट महंगाई का बजट है और फला है।

मैं पूछना चाहता हूं कि इतने दिनों में आपने गांव के लिए क्या किया? मैं यह भी कहना चाहूंगा कि हमारे कृषि मंत्री जी और दूसरे लोग कहते हैं कि गांव वालों के लिए बहुत कुछ किया गया है, गांव पर बहुत खर्चा हुआ है, लेकिन हैरत में पड़ जाता हूं जब इनका दिया हुआ इस साल का आर्थिक सर्वेक्षण देखता हूं जिसमें लिखा है कि चौथी पंचवर्षीय योजना पर जहां कृषि और समस्त क्षेत्र पर 14.7 प्रतिशत खर्च किया गया था, वहां 1978–83 की योजना में जो इन्होंने दर्शाया है वह 13.7 प्रतिशत है। यह आर्थिक सर्वेक्षण इन्हीं का दिया हुआ है। यह कहते हैं कि खेती की तरफ हम बढ़ रहे हैं। चौथी पंचवर्षीय योजना में जहां 11.7 प्रतिशत खेती पर व्यय था वहां 78–83 वाली प्रस्तावित योजना में इसे घटाया गया है जिसका प्रारूप अभी तैयार नहीं है। उसमें 13.7 प्रतिशत है और 1978–79 वाले परिव्यय में बताया है कि 15.0 है। सिंचाई में जहां चौथी योजना में 8.6 प्रतिशत बताया गया है वहां 1978–83 वाली योजना में 11.5 है, केवल 2 प्रतिशत की वृद्धि यह बता रहे हैं। 1978–79 में जो 10 प्रतिशत इन्होंने खर्चे में रखा है जब कि 1978 से 83 वाली योजना में 1 प्रतिशत कमी है।

उद्योग में जहां चौथी पंचवर्षीय योजना में 18.2 प्रतिशत इन्होंने रखा था वहां 1978–83 की

(श्री हुकम देव नारायण यादव)

योजना मे 19 2 प्रतिशत है। यहा भी जो बडे उद्योग है, उसके अनुसार अगर चौथी पच वर्षीय योजना के मुकाबले इनकी जो योजना बनन जा रही है उसमे इन्होंने 1 2 प्रतिशत ज्यादा खर्च रखा है और कृषि में 1 प्वाइण्ट कम कर के रखा है। यह इनकी सर्वेक्षण की किताब में प्रकाशित हुआ है।

मेरे एक प्रश्न के उत्तर मे वित्त मत्री ने नवम्बर, 1978 तक बैंको द्वारा दिय गय कर्जों के बारे म ये आकडे दिये कृषि 11 5 प्रतिशत लघु उद्योग 11 6 प्रतिशत बडे उद्योग 39 6 प्रतिशत। हिन्दुस्तान के लगभग 70 प्रतिशत लोग खेती पर निर्भर करते है और 80 10 प्रतिशत लोग गावो मे बसते है। कृषि पर निर्भर करने वाले लगभग 70 प्रतिशत लोगो का केवल 11 5 प्रतिशत बैंक ऋण दिये गये जब कि बडे उद्योगो को 39 6 प्रतिशत दिये गये। ये आकड क्या दर्शाते है? सरकार की तरफ से कहा जाता है कि हम खेती की तरफ बढ रहे है और बडे उद्योगो मे एकाधिकार को खत्म करने के लिए आर्थिक विकेन्द्रीकरण की तरफ बढ रहे है। लेकिन बैंको का दृष्टिकोण यह बताता है कि सरकार आर्थिक विकेन्द्रीकरण और खेती की तरफ नहीं बढ रही है क्योकि कृषि को कम ऋण दिया जा रहा है।

सभापति महोदय माननीय सदस्य दो मिनट मे समाप्त करे।

श्री हुकम देव नारायण यादव : अन्य सदस्यो को 15, 15 मिनट दिय गये है। मुझे थोडा समय और दिया जाय।

सभापति महोदय नही माननीय सदस्य दो मिनट मे समाप्त कर दे।

श्री हुकम देव नारायण यादव जिस देश मे खेती पर भार जितना कम होता है वह देश उतना ही धनवान होता है। क्या कृषि मत्रालय द्वारा इस दिशा मे कोई कार्यवाही की जा रही है कि खेती पर से भार को कम किया जाय? खेती पर भार तब तक कम नही होगा जब तक कि कुटीर उद्योगो को बढावा नही दिया जायगा। रूस मे कुल आबादी का 31 9 प्रतिशत भाग खेती पर निर्भर है अमरीका मे 4 0 प्रतिशत ब्रिटेन मे 2 8 प्रतिशत और जापान मे 20 7 प्रतिशत लोग खेती पर निर्भर है लेकिन भारत मे जनसख्या का 69 7 प्रतिशत भाग खेती पर निर्भर करता है।

यह दर्शाता है कि जिस देश मे खेती पर जितनी कम जनसख्या का भार है वह देश उतना ही मालदार और खुशहाल है लेकिन जिस देश मे खेती पर ज्यादा जनसख्या का भार है वह देश उतना ही गरीब है। अगर हम भारत जैसे गरीब देश के आगे बढाना चाहते है उसकी तरक्की करना चाहत है तो खेती पर से भार को कम कर के अधिक से अधिक लोगो को कुटीर उद्योगो की तरफ ले जाना होगा। लेकिन कुटीर उद्योगो का विकास तब तक नही हो सकता है जब तक कि हम यह तय न करे कि जिन वस्तुओ का निर्माण मनुष्य के हाथो से हो सकता है उनका उत्पादन बडे कारखाना मे नही होगा।

मेरे सामने प्रति व्यक्ति उपभोग के बारे मे भारत सरकार के ये आकडे है —

	1955-56	1977-78
	किलोग्राम	किलोग्राम
खाद्य तेल	2 5	3 9
चीनी	5	7 2
सूती कपडा	11 4 मीटर	11 8 मीटर

इससे पता चलता है कि जहा 1955-56 म कपडे की प्रति व्यक्ति उपलब्धता 11 4 मीटर थी वहा 1977-78 मे वह घट कर 11 मीटर रह गई। एक तरफ रुई के दाम रकम हो रहे है और दूसरी तरफ कपडे के दाम बढे रहे है।

18 hrs

गावो के सुधार की बात कही जाती है मगर श्री जार्ज फर्नांडीस उद्योग मत्री ने कहा है कि नैशनल टैक्सटाइल कार्पोरेशन अपने उत्पादन मे से केवल 40 प्रतिशत मोटा और साधारण कपडा बनाता है। मै निवेदन करना चाहता हू कि जिस देश म 60 फीसदी लोग गरीबी की रेखा के नीचे रहते है और 80 फीसदी लोग गावो मे रहत है वहा की नैशनल टैक्सटाइल कार्पोरेशन का दृष्टिकोण यह होना चाहिय कि वह अपने उत्पादन का 60 या 80 फीसदी मोटा और साधारण कपडा तैयार करे। पैसा करने पर ही गाव वालो के तन पर कपडा हो सकता है। इस लिए अगर सरकार किसानो और गाव वालो के लिए कुछ करना चाहती है तो उसे इस दिशा मे सोचना होगा।

1971-72 मे कृषि उत्पादो का सूचकाक 100 4 था और थोक कीमतो का सूचकाक 105 6 था। 1971-72 से लेकर दिसम्बर 1979 तक थोक कीमतो का सूचकाक निरन्तर बढता चला गया है और यही स्थिति विनिर्मित उत्पादो के सूचकाक की रही है जो लगातार बढता रहा है। कृषि के सूचक अक हास की ओर गए है। अप्रैल 1977 मे जहा दूसरी वस्तुओ का सूचकाक 184 था वहा कृषि का 172 था। 1978 मे जहा दूसरी वस्तुओ का सूचकाक 184 पर ही खडा है वहा कृषि उत्पादन की वस्तुओ का सूचकाक 172 से घट कर 169 पर चला आया है। तो लगता है कि कृषि उत्पादन की वस्तुओ का सूचकाक ह्रास की ओर चला जा रहा है और दूसरी वस्तुओ का सूचकाक बढता चला जा

रहा है। जब तक उस का रोका नहीं जायेगा तब तक विकास नहीं हो सकता है। इसलिए सरकार को इस दिशा में भी सोचना चाहिए।

---

18 02 hrs.

HALF-AN-HOUR DISCUSSION

POSTAL ACCOUNTS IN HARYANA

श्रीमती मृणाल गोरे (बम्बई उत्तर) सभापति महोदया, 12-3-79 का प्रश्न संख्या 284 का जो उत्तर दिया गया है उस के बारे में मैं यह चर्चा चलाना चाहती हूं। उस दिन सवाल के जवाब में जो बताया गया उस में यह कहा गया कि 50 हजार रुपये से ऊपर के जो डिपाजिट्स 1974 में हरयाने के पोस्ट आफिसेज में किए गए उस के बारे में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट जांच कर रहा है। मैं उस दिन बराबर पूछती रही कि कुल मिला कर 74, 75 और 76 तीन सालों में इस प्रकार के कितने लोगों ने डिपाजिटस किए थे और कितनों के बारे में जांच अभी तक हो गई है। मुझे जो मालूमात मिली है उस के मुताबिक 1974-75 और 76 में लगभग 712, पचास हजार रुपये के ऊपर के डिपाजिटस हरयाना के पोस्ट आफिसेज में हुए। इस के बारे में देखने लायक चीज तो यह है कि उस में कई डिपाजिट्स ऐसे हैं कि वहां 30 मार्च को डिपाजिट किया, 2 अप्रैल को पैसा उसी एकाउंट में से वापस ले लिया, 29 मार्च को डिपाजिट किया और 2 अप्रैल को वापस ले लिया या फिर 31 मार्च को डिपाजिट किया और 3 अप्रैल को ले लिया। ऐसे ही तीन चार दिन के लिए इतनी बड़ी रकम डिपाजिट कर के जो वापस ले ली गई उसमें कई व्यक्तिगत डिपाजिट्स भी हैं, कई म्यूनिसिपैलिटीज के हैं, कई पुलिस इंसपेक्टर्स के हैं तहसीलदार के हैं, डी एम्स के हैं, कोआपरेटिव मिल्स के हैं, जिला परिषदों के डिपाजिट्स हैं, कई तरह के डिपाजिट्स इस प्रकार के हैं और इस के बारे में दिसम्बर, 1977 से इस सरकार के पास लगातार कई शिकायतें आई हैं, इसके बावजूद भी अभी तक इन की जांच पूरी नहीं हुई है यह हमारी शिकायत है।

उस दिन के सवालों के जवाब में कम्यूनिकेशंस डिपार्टमेंट की तरफ से बताया गया कि इस में केवल 13 केसेज हैं जिन में पोस्टल डिपार्टमेंट के रूल्स का उल्लंघन किया गया है। मैं यह कहना चाहूंगी, उस दिन भी मैं बार-बार कह रही थी कि जो 10 फरवरी, 1978 के करेक्ट में आया है, उस में जो लिस्ट आई है और जो पचास नाम आए हैं उस में से 13 केसेज ऐसे हैं कि जहां पोस्टल डिपार्टमेंट के रूल्स वायोलेट हुए हैं लेकिन उस के साथ साथ बाकी कई डिपाजिट्स के केसेज हैं, तो हम जानना चाहते हैं कि कुल मिला कर कितने ऐसे केसेज हैं। केवल करेक्ट में जो पचास केसेज दिए गए हैं उन के बारे में बताने की जरूरत नहीं है, 74, 75 और 76 सालों में कुल मिला कर कितने एकाउंट ऐसे खोले गए, कितनों के बारे में पोस्टल डिपार्टमेंट के रूल्स का उल्लंघन हुआ और उन के बारे में अभी तक क्या हुआ?

मंत्री महोदय उस दिन बार बार कहते रहे हैं कि जांच चल रही है, ऐक्शन ले रहे हैं, कार्यवाही की जा रही है। इस प्रकार की बातें वह करते रहे। मेरा यह कहना है कि जब 77 साल से यह बात चल रही है और अब काफी बातें सामने आ गई हैं, इनकम टैक्स विभाग भी इस के बारे में तलाशी कर रहा है। तो ऐसी परिस्थिति में इस में ज्यादा समय नहीं लगना चाहिए। मैं यह भी कहना चाहूंगी कि 2 मार्च 1979 को कंवर लाल गुप्त जी के अनस्टार्ड क्वेश्चन नम्बर 1762 का जो जवाब दिया गया है उस में 1974 साल के 5 लाख के ऊपर के जो डिपाजिट्स हैं, उन के 85 कैसेज के नाम दिए गए हैं। मुझे खेद है कि इस लिस्ट में भी नाम दिया है, कितना डिपाजिट रखा उस की तारीख दी है लेकिन उस का जो दूसरा महत्वपूर्ण अंग है कि यह डिपाजिट फिर से वापस कब लिए गए, कब विदड्रा किए गए, क्या एकाउण्ट था इस की तारीख नहीं है। इस से ज्यादा शक होता है। दो तीन दिन के लिए पांच लाख आठ लाख दस लाख ऐसा एमाउण्ट रखा गया। किस के नाम से रखा गया, क्या बेनामी एकाउण्ट थे, इस के बारे में तीन केसेज के बारे में तो उस दिन भी मिनिस्टर साहब ने अपने जवाब में कहा था कि ये बेनामी एकाउण्टस हैं, ऐसा लग रहा है—आर पी सी का पांच लाख का डिपाजिट, श्री एन के गंग, ज्वाइंट डायरेक्टर इंडस्ट्रीज, हरयाना गवर्नमेंट का पांच लाख का डिपाजिट और श्री कश्मीरी लाल, दि दून स्टूडेंट आफ डेलही यूनिवर्सिटी का 1 करोड़ 35 लाख का डिपाजिट। मैं कहना चाहूंगी कि केवल 74 साल के बारे में ही आप मत कहिये, 74, 75 और 76 इन तीनों सालों में लगातार हरियाणा के पोस्ट आफिसेज में इस प्रकार के एकाउण्ट्स खोले गए। ऐसा लग रहा है कि इस का उपयोग बेनामी एकाउण्ट्स खोल कर कुछ राजनैतिक कामों के लिए हो रहा था। तो क्या यह बात सही नहीं है? इसके बारे में फाइनेन्स डिपार्टमेंट भी जांच कर रहा है। कहां तक इस की जांच हुई है, यह मैं जानना चाहूंगी।

तीसरी बात यह है कि जो जांच अभी तक हुई उस के आधार पर क्या आप ने डिपार्टमेंट के जो कर्मचारी हैं उन के ऊपर कोई ऐक्शन लिया? आप ने कहा है कि तीन पोस्ट मास्टर इन्वाल्व्ड हैं। उस दिन भी आप ने यह कहा था। तो इस में ऐक्शन लेने में इतनी देरी क्यों हो रही है? इस से ऐसा लगता है कि लोगों के मन में जो शक पैदा हुआ है वह बिल्कुल वाजिब है। तीन दिन के लिए, 6, 8 या 10 लाख कोई नहीं रखता है। कुछ न कुछ इस में दाल में काला है। असलियत क्या है वह सदन की जानने की इच्छा है। मैं मंत्री महोदय से कहूंगी कि आप कृपा कर के पूरी तरह से बताएं। उस दिन जैसा लग रहा था कि तेरह केसेज ही हैं, उन में से कितनी पर ऐक्शन ले रहे हैं या लेने का विचार चल रहा है, इस प्रकार की बात आप मत करें। मतलब 74, 75 और 76 इन तीनों सालों में कितने एकाउण्ट्स थे

[श्रीमती मृणाल गोरे]

और क्या हुआ है यह बताएं। अगर फाइनेंन्स डिपार्टमेंट के पास दूसरे मामलों के बारे में जांच चल रही है तो उन की तरफ से भी जवाब आने की जरूरत थी। आखिर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट इस में जांच करेगा तभी पूरा पता चलेगा। क्या इस जांच में बंशी लाल या दूसरे राजनैतिक नेताओं का सम्बन्ध है और क्या बेनामी एकाउण्ट्स का प्रयोग किया गया है, इस का भी ठोस जवाब आना चाहिये। मैं मंत्री महोदय से आग्रह करूंगी कि इस के बारे में पूरा जवाब दें।

डा० रामजी सिंह (भागलपुर) : सभापति महोदया, सब से पहले "करेंट" के 3 फरवरी के ईशू में 30 करोड़ रुपये के बेनामी घोटाले का जिक्र आया था। जब कुछ लोगों ने कहा कि यह मनगढ़न्त बात है तो फिर "करेण्ट" ने अपने 10 फरवरी के अंक में इस का पूरा ब्योरा ही दे दिया, जिस में डिपाजिट्स और विद्ड्राग्रल्ज—करनाल हैड पोस्ट-आफिस—के 23 कैसेज का उल्लेख है। म इन को पढ़ूंगा नहीं, लेकिन सब के नाम, डेट-आफ-डिपाजिट, डेट-आफ-विद्ड्राग्रल्ज और उस के बाद रोहतक हैड क्वार्टर के 1973 से 1975 तक के 26 केसेज के डिपाजिट्स और विद्ड्राग्रल्ज का उल्लेख है। हम को तो यह देख कर आश्चर्य होता है—30 ता० को काश्मीरी लाल ने 1 लाख 35 हजार जमा कराया और ता० 2 को वह निकाल लेते हैं। हमें तो यह सारा काम जो हुआ है—घोटाले का काम मालूम पड़ता है। वित्त विभाग ने जो उत्तर दिया है—उस में तो बहुत थोड़ा कर के दिखाया है, जैसे आइस-बर्ग होता है, 1/10 भाग पानी के ऊपर होता है, 9/10 भाग नीचे होता है। इस को देखते हुए मैं तो यह समझता हूं कि आधे घण्टे की चर्चा तो बहुत कम है, इस पर 2 घण्टे की चर्चा होनी चाहिये थी।

फाइनेंन्स मिनिस्ट्री ने जो उत्तर दिया है, उस में 145 लाख के बेनामी—ट्रांजेक्शन का जिक्र किया है...

Shri R. P. Singh, the then District Industries Officer at Panipat—Rs. 5 lakhs.

Shri N. K. Garg, the then Joint Director of Industries in Haryana Government—Rs. 5 lakhs.

Shri Kashmiri Lal, the then Student of the Delhi University—Rs. 1.35 crores.

यह क्या तमाशा है? उस समय के जो राजनेता थे, वे तो भ्रष्टाचार में शामिल थे ही, लेकिन जो आप के डाक-तार विभाग के, पोस्ट-आफिस के लोग थे, वे भी भ्रष्टाचार के प्रशान्त समुद्र में डूब थे और जब हमारे संचार मंत्री जी ने बतलाया कि हम उन के ऊपर एक्शन लेंगे—क्या उनके ऐसा कहने की जरूरत थी, यह एक्शन तो कभी का हो जाना चाहिये था ताकि वे आगे कोई ऐसा काम न करें। उन्होंने सदन में मृणाल बहिन के प्रश्न के उत्तर में बतलाया था कि हम उन पर कार्यवाही करेंगे—वह कार्यवाही अब तक क्यों नहीं हुई? आज मृणाल बहिन ने उन को जो चुनौती दी है कि अब तक उन्होंने क्या किया—यह ठीक ही है।

इस में दो मुख्य बातें है—मैं जानता हूं इस सारे घोटाले को ले कर संचार मंत्री कह देंगे कि यह वित्त मंत्रालय का काम है और वित्त मंत्रालय कह देगा यह पोस्ट आफिस का काम है जनता जहन्नुम में जाय। मैं आप से जानना चाहता हूं—यदि यह आप के वश की बात नहीं है और वित्त मंत्रालय के लिए किसी मर्यादा की सीमा का बन्धन है—तो क्या वे इस बड़े घोटाल की जांच करने के लिए—जिस में 30 करोड़ का सवाल तो सुना ही है हो सकता है कि 130 करोड़ हो—सी० बी० आई० को जांच के लिए भजेंगे? मुझे तो पूरा विश्वास है कि इस मामले में लीपा पोती का काम चल रहा ह। मोहनहिम ने कहा है कि उस ने करोड़ों रुपया दिया है, वह रुपया कहां गया? इन्दिरा गांधी जी क पास सैकड़ों करोड़ रुपया पहुंचा—उस का पता कैसे लगेगा? सभापति महोदय क्या सार्वजनिक जीवन को स्वस्थ और साफ़ रखने के लिय मुझे संचार मंत्री जी से यह आश्वासन मिल सकता है कि व इस सारे बेनामी घोटाले की जांच के लिए इस मामले को केन्द्रीय जांच ब्यूरो को देंगे?

दूसरा सवाल यह है कि आप के विभाग की जो नीति है कि इण्डिविजुअल एकाउण्ट में 25 हजार रुपया जमा किया जा सकता है और जो मिक्स्ड एकाउण्ट ह उन में 50 हजार रुपया जमा किया जा सकता है, लाख-लाख-दो दो लाख और पांच-पांच लाख पोस्ट आफिस में किस नियम के तहत जमा किया गया यह बताया जाए। अगर एसा करके नियमों का भंग किया गया है तो अभी तक उनको दंडित करने में, जो कि इससे सम्बन्धित ह आपके कदम क्यों थरथरा रहे ह। इन दोनों बातों का म आप से स्पष्ट उत्तर चाहता हूं।

संचार मंत्री (श्री बृजलाल वर्मा) : माननीय सदस्या ने बहुत अहम प्रश्न किया है और उस दिन का हवाला दिया है कि हम ने केवल 13 केसिस का ही क्यों उल्लेख किया बाकी हमने क्यों नहीं बताए और उन को हमने बचाया। लेकिन ऐसी बात नहीं है। उस दिन सवाल सिर्फ करेंट वाले का था। आज जब आपने सारे सवाल पूछे हैं तो मैं कुछ छिपाऊंगा नहीं और हर चीज बताऊंगा। सब से पहले उनका प्रश्न यह था कि सिर्फ 13 केसिस थे या और ज्यादा थे और एक साल क ही थे या कई सालों क थे। म बता दूं कि 1973-74 में ऐसे 1180 केसिस में जो कि 25 हजार की लिमिट और पचास हजार की लिमिट से ज्यादा के थे और इंडिविजुअल केसिस थे। 1974-75 में 616 केसिस थ; 1975-76 में 8 केसिस थे और 1976-77 में 84 केसिस थे। ऐसे केसिस थे जिन में इन डाकखानों में अलग अलग जगह अलग-अलग ढंग से रुपया जमा किया गया।

25 हजार और 50 हजार से ऊपर। हमने कोई कार्रवाई क्यों नहीं की और करनी चाहिए थी या नहीं, करनी चाहिये थी यह भी मैं आपको बता देता हूँ।

श्रीमती मृणाल गोरे सभी केसिस में नियमों का भंग हुआ है ?

श्री बृज लाल वर्मा. हमारे नियमों में यह है कि इंडिविजुअल केसिस में 25 हजार जमा होना चाहिए और अगर ज्वाइण्ट खाता है तो पचास से ऊपर नहीं हो सकता है परन्तु उसमें अगर ज्यादा जमा है तो हम उस पर ब्याज नहीं देते हैं। नियम 8 और 9 के मुताबिक ब्याज न देने की बात आती है। पचास हजार से या पच्चीस हजार से ऊपर किसी की जमा राशि हो तो उसके ऊपर जितनी रकम है उस पर हम ब्याज नहीं देते हैं। इन नियमों का आधार लेते हुए हमारे कर्मचारियों ने उसको जमा कर लिया। इस खयाल से और इन नियमों की वजह से उस पर कोई कारवाई करने में हम ने अपनी असमर्थता प्रकट की। दूसरा सवाल यह उठता है कि यह कैसे हो गया,—कैसे दो तीन दिन में विदड़ा कर लिया गया, तीन तारीख को जमा हुआ और दो तारीख को वह विदड्रा हो गया सिर्फ दो तीन रोज के लिए जमा हुआ। यह सच बात है। एक सदस्य ने बताया है कि एक आदमी ने 1 करोड़ 35 लाख कैश जमा करवा दिया। अब आप जानते हैं कि जिस वक्त की यह बात है उस वक्त वहां पर कौन मुख्य मंत्री था, कैसा वहां पर शासन था, किस प्रकार की जोर जबर्दस्ती वहां पर चल रही थी। एक गरीब कर्मचारी जो वहां पर डाकखाने में काम कर रहा था उसकी छाती पर बैठ कर उसको जमा करने के लिए कहा जाए तो वह क्या कर सकता था। सरकारी अधिकारियों द्वारा उसके साथ जबर्दस्ती की गई। उसने सोचा कि नियमों के मुताबिक उसने जमा किया। जमा करना उसका फर्ज था। विदड्रा नियमों के मुताबिक हुआ। खाता उसका बराबर है, साफ है। उसको कोई फायदा नहीं हुआ बल्कि नुक्सान यह हुआ कि उसको अधिक देर तक बैठना पड़ा, और हर प्रकार से उसको डर हुआ, भय हुआ। जिस व्यक्ति ने जमा और विदड्रा किया था उसकी वजह से उसका कुछ व्यक्तिगत फायदा नहीं हुआ बल्कि तकलीफ ही उलटे हुई।

तीन आदमियों के ऊपर हमने एक्शन लिया और वह इसलिए लिया कि उसको ठीक ढंग से जो कुछ करना चाहिये था वह नहीं हुआ। एक्शन इस कारण से नहीं लिया कि उसने पच्चीस या पचास हजार से ज्यादा जमा किया। उसकी पांच छः महीने इनक्रीमेंट्स रोकी और उसके खिलाफ जब वे अपील में गए तो उनको वार्निंग मिली और वे छूट गए।

डा० रामजी सिंह बेनामी किसी नाम से क्या हो सकता है ?

श्री बृजलाल वर्मा बेनामी नहीं है हमारे खातों से किस के नाम से जमा हुआ और किस के नाम से विदड्रा हुआ "बिल्कुल साफ है।"

डा० रामजी सिंह हस्ताक्षर किस ने प्रमाणित किए हैं ?

श्री बृजलाल वर्मा. यह जांच का सवाल है। लेकिन हमारा काम एजेंसी का काम होता है। हम उसके हकदार नहीं हैं। अगर एक गरीब आदमी आता है कहीं से पचास हजार लाता है या एक करोड़ लाता है अब वह कहां से लाता है इसकी जांच हम नहीं कर सकते हैं, यह हमारे अधिकार से बाहर की चीज है। हम सिर्फ जमा करने वाले हैं और विदड्राअल देने वाले हैं। इसके अलावा इससे हमारा कुछ मतलब नहीं है कि कैसे और कहां से कोई लाया है,...

डा० रामजी सिंह चाहे चोरी करके लाया हो ?

श्री बृजलाल वर्मा चोरी कर के लाया हो तो भी हमारा काम जमा करना है। हम नहीं कह सकते हैं कि चोरी का पैसा है और जमा नहीं करेंगे। अगर हम ऐसा करेंगे तो उलटे हमारे ऊपर कार्रवाई हो जाएगी।

यह कहा गया है कि दो तीन रोज के लिए जमा हुआ जो कि नहीं होना चाहिये था। इसके बारे में फाइनेन्स डिपार्टमेंट के पास हमारे अधिकारियों ने रिपोर्ट की कि इस प्रकार से जमा हो रहा है इसको आप देखें। 1974 में रिपोर्ट की। ऐसी बात नहीं है कि नहीं की। परन्तु एक्शन हम नहीं ले सकते हैं। फाइनेन्स डिपार्टमेंट या इनकम टैक्स वाले लेंगे। हम ने उनको सूचना दे दी। हमारे अधिकारियों ने हरियाणा गवर्नमेंट को भी सूचना दे दी और 1974 में दे दी। जहां तक काश्मीरी लाल की बात है हमने 21-7-74 को बैंकिंग विभाग को इस की सूचना दी। जिस किसी के बारे में डाउट हुआ उसकी सूचना दी। बहुत से डाउटफुल लगे उनकी सूचना जनवरी, 1975 में दी, हमारे अधिकारियों ने दी। लेकिन सब चीजें जो हुई हैं ऐसी परिस्थितियों में हुई हैं कि जिन को जानते हुए भी हम कुछ कर नहीं सकते थे। फाइनेन्स डिपार्टमेंट और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को कार्रवाई करनी चाहिये। इसलिए मैंने पहले ही स्पीकर साहब का इशारा किया था कि जो जानकारी ये विभाग दे सकते हैं वह हम नहीं दे सकते हैं। हम तो सिर्फ खाता रखने वाले हैं और एजेंसी के बतौर काम करते हैं।

श्रीमती मृणाल गोरे तीन केसिस में क्या सजा दी ?

श्री बृजलाल वर्मा मैंने बताया है कि इनक्रीमेंट्स रोकी थी। फिर उसके बाद अपील में उनको दोषी नहीं पाया गया। इसलिए इनको सिर्फ वार्निंग दी गई और छोड़ दिया गया।

SHRI VAYALAR RAVI (Chirayinkil) There are some arrears in the rural areas of Haryana. E.D.S. are there

[Shri Vayalar Ravi]

in the post offices. But are they authorised to collect money? I think they have not been authorised to do it. What arrangement have you made in these areas?

SHRI BRIJ LAL VERMA: It is not only the case of E.D.S. in those post offices, but it is in the case of others also. This thing has happened with regular Government offices also.

SHRI VAYALAR RAVI: They have no authority. But what arrangements have been made to collect the money?

SHRI BRIJ LAL VERMA: It has not been made....

डा० रामजी सिंह : मैं एक अन्तिम सवाल पूछना चाहता हूं। हमारे संचार मंत्री बहुत ही असहाय और निरीह अनुभव कर रहे हैं। उनसे इस दिशा में अगर कुछ नहीं हो सकता, और वित्त मंत्री भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं तो संचार मंत्री जी भी मंत्रिमंडल के एक सदस्य हैं और ज्वायण्ट रिस्पोंसिबिलिटी है। अगर आपसे नहीं हो सकता और वित्त मंत्री इस पर कार्यवाही नहीं कर रहे हैं तो आप तो इसके महत्व को समझते हैं। क्या आप इसको मंत्रिमंडल में ले जा कर सी० बी० आई० की जांच के लिए अपना प्रस्ताव रखेंगे ताकि इसकी पूरी तहकीकात हो और इस पर कार्यवाही हो सके।

श्री बृज लाल वर्मा : मैंने पहले ही कहा कि हम इस में बिल्कुल असहाय नहीं हैं। हमने पूरे-पूरे कागजात जो हमें मिले हैं, फाइनेन्स डिपार्टमेंट और इनकम-टैक्स डिपार्टमेंट को दे दिये हैं और उनकी जांच चालू है। ऐसी बात नहीं है कि जांच चालू नहीं है। जिस गवर्नमेंट ने बोगस रूप से यह जमा कराया है, यहां तक कि गवर्नमेंट आफिसर्स को दबाव डालकर, बैंक्स को दबाव डालकर, वहां के अधिकारियों पर दबाव डालकर, अपने बैंक से विदड्रा कर के पोस्ट आफिस में जमा कराया, इस वास्ते जमा करते हैं कि दो-तिहाई पैसा डेवलपमेंट फण्ड के लिए मिलता है, इसलिए यह सारी चीजें करते हैं।

एक माननीय सदस्य : क्या मंत्री जी यह बतायेंगे कि किस एजेन्सी ने यह करवाया ?

श्री बृजलाल वर्मा : बंसीलाल। इस वास्ते ऐसी बात नहीं है, यह सब किया गया है और जोर-जबर्दस्ती से अफसरों को दबाकर बैंक आफिसरों को दबा कर यह सारी चीजें उन्होंने की हैं।

जिन अधिकारियों ने इसमें एक्शन लेना है, [illegible] सूचित कर दिया है, उन्हें सूचित कर दिया है [illegible] यह मत सोचिये कि हम किस[illegible] चाहते हैं।

श्रीमती मृणाल गोरे : आपके आफिसर्स को इस प्रकार दबाया गया तो आपकी और भी जिम्मेदारी है, इसकी पूरी जांच करनी होगी, आप इसे परसू कीजिए।

श्री बृज लाल वर्मा : हमने कर दिया है।

श्रीमती मृणाल गोरे : नहीं तो आपके आफिसर्स और पोस्ट आफिसेज बदनाम हो रहे हैं। आपको यह करना चाहिये कि पूरी जांच सी० बी० आई० की तरफ से हो जाये।

श्री बृजलाल वर्मा : यह किया है और उसके साथ-साथ 14 करोड़ 54 लाख रुपये....

एक माननीय सदस्य : क्या यह सरकार इसकी इन्क्वायरी सी० बी० आई० को सौंपेगी ?

श्री बृज लाल वर्मा : इस प्रकार से जो प्राविन्शियल गवर्नमेंट ने कर्ज के रूप में ले लिया है उसकी वसूली के लिए फाइनेन्स डिपार्टमेंट ने 7 किश्तें की हैं और हरियाणा गवर्नमेंट से वसूली कर रही है। इसकी भी कार्यवाही फाइनेन्स डिपार्टमेंट ने कर दी है और उनसे वसूली शुरू हो गई है। यह सारी कार्यवाही हो रही है। जिस प्रकार से बोगस ढंग से जमा कर के ज्यादा पैसा कर्ज में ले लिया है, खर्च में लेने के लिए जो प्राविन्शल गवर्नमेंट ने जाल रचा है, वह इसका फायदा न उठा पाये, इसके लिए भी फाइनेन्स डिपार्टमेंट ने कार्यवाही कर दी है। इस प्रकार से यह मत सोचिये कि किसी भी प्रकार से फाइनेन्स डिपार्टमेंट या इन्कमटैक्स डिपार्टमेंट चुप बैठा है। कार्यवाही शुरू हो गई है। क्योंकि यह पुरानी सरकार का गलत काम है और उस गलत काम को हम किसी भी प्रकार से बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं हैं, जो कुछ भी हो सकता है, नियमानुसार हम काम कर रहे हैं। माननीय सदस्य यह न सोचें कि हम किसी बात को उनसे छिपायेंगे। यह सब से बड़ा स्थान है, जहां पर सारे देश के प्रतिनिधि हैं। हम उनसे कोई बात छिपायेंगे नहीं, और नियमानुसार जो भी उचित कार्यवाही होगी, उसको करेंगे, और इसमें किसी प्रकार से मुरव्वत नहीं करेंगे।

18.31 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, April 12, 1979/Chaitra 22, 1901 (Saka)

GMGIPND—M—430 L S—23-6-79—880

PLS. 40. XXV. 35, 79
880

© 1979 By Lok Sabha Secretariat

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and conduct of Business in Lok Sabha (Sixth Edition) and printed by the General Manager, Government of India Press, Minto Road, New Delhi.